

28:01:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 027 | epaper.rashtriyakhabar.com | माघ, शुक्लपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

सर्वौषधीनाममृता प्रधाना सर्वेषु सौख्येष्वशनं प्रधानम्।
सर्वेन्द्रियाणां नयनं प्रधानं सर्वेषु गात्रेषु शिरः प्रधानम्॥

भावार्थ : सभी प्रकार की औषधियों में अमृत सबसे प्रमुख औषधि है। सुख देनेवाले सब साधनों में भोजन सबसे प्रमुख है। मनुष्य की सभी इन्द्रियों में आंखें सबसे प्रधान और श्रेष्ठ हैं तथा शरीर के सभी अंगों में मनुष्य का सिर सर्वश्रेष्ठ है।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 15.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.32 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.30 बजे

## गठबंधन के मुद्दे पर मोथा-भाजपा में नहीं बनी बात

**अगरतला:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को टिपरा मोथा के नेताओं से मिले बिना ग्रेटर टिपरालैंड की मांग को खारिज कर दिया और कहा कि यह महज भावनात्मक दावा है। इसके साथ ही सबसे मजबूत क्षेत्रीय गठबंधन टिपरा मोथा के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बहुप्रतीक्षित गठबंधन पर बात नहीं बन सकी। उल्लेखनीय है कि टिपरा मोथा के नेताओं को ग्रेटर टिपरालैंड मुद्दे पर चर्चा करने के लिए बुधवार को गृह मंत्रालय के साथ बैठक के लिए आमंत्रित किया गया था। मोथा सुप्रीमो एवं शाही उत्तराधिकारी प्रद्योत किशोर देववर्मन 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में टिपरा के साथ गठबंधन चाहने वाले दलों से अपनी मांग के लिए लिखित प्रतिबद्धता की मांग कर रहे हैं। प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक त्रिपुरा के मौजूदा क्षेत्र से पृथक ग्रेटर टिपरालैंड की मांग का समर्थन करने के लिए कोई भी पार्टी सहमत नहीं हुई।

## अमेरिकी कार्रवाई में आतंकवादी अल-सूडानी मारा गया

**वाशिंगटन:** अमेरिकी सेनाओं ने सोमालिया का उत्तरी इलाके में एक अभियान में वहां जिहादी संगठन इस्लामिक स्टेट के दुर्दान्त सरगना बिलाल-अल-सूडानी को एक अभियान में मार गिराया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड-जे-ऑस्टिन तृतीय ने इस अभियान की पुष्टि की है। सूडानी सोमालिया में इस्लामिक स्टेट ऑफ़ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के नेटवर्क का मुख्य संचालक और समन्वयक था। उसे अफ्रीका में आईएसआईएस की गतिविधियों और उसके वित्त पोषण का सूत्रधार माना जाता था। अमेरिका के श्री ऑस्टिन ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी सैन्य बलों को सोमालिया में आईएसआईएस के सदस्यों के खिलाफ अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए गए थे। इस कार्रवाई में सूडानी और उसके कई साथी मारे गए।

## भारत और जापान वायु सेना का अभ्यास वीर गार्डियन संपन्न

**नयी दिल्ली:** भारत और जापान की वायु सेनाओं के बीच करीब दो सप्ताह तक चला सैन्य अभ्यास वीर गार्डियन 2023 गुरूवार को जापान में संपन्न हो गया जिसमें दोनों वायु सेनाओं के जांबाजों ने हवाई रण कौशल के साथ साथ सर्वोत्तम रणनीति और अनुभव भी साझा किये। वायु सेना के अनुसार दोनों देशों के बीच अपनी तरह का यह पहला सैन्य अभ्यास था। जापान की ओर से लड़ाकू विमानों एफ-2 और एफ-15 ने अभ्यास में हिस्सा लिया जबकि भारत की ओर से सुखोई-30 लड़ाकू विमान और हवा में ईंधन भरने की क्षमता से लैस आईएल-78 विमान तथा सी-17 ग्लोबमास्टर मालवाहक विमान ने अपने जौहर दिखाये। दोनों वायु सेनाओं ने इस दौरान विभिन्न तरह के अभियानों के लिए जटिल और व्यापक हवाई करतबबाजी दिखाते हुए अभ्यास किया। दोनों ने हवाई रक्षा मिशन के लिए संयुक्त रूप से योजना और रणनीति बनायी।

## कांग्रेस ने की संसद में चीन पर बहस कराने की मांग

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने शुक्रवार को 31 जनवरी से शुरू हो रहे संसद के आगामी बजट सत्र में चीन के मुद्दे पर चर्चा की मांग की। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें संसद में चीन के बारे में चर्चा करने की अनुमति क्यों नहीं है? हम संसद के आगामी बजट सत्र में चीन पर चर्चा की मांग करते हैं। कांग्रेस ने इससे पहले सरकार पर संसद के हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र में चीनी मुद्दे पर बहस से भागने का आरोप लगाया था। श्री खेड़ा ने कहा, मोदी सरकार ने इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने की हमारी मांग पर ध्यान नहीं दिया। क्या यह देश को अंधेरे में रखना जारी रखेगी या देश को चीन के अवैध कब्जे के बारे में सच्चाई बताएगी?

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

### कश्मीर में सुरक्षा में खामी की वजह से रोकी गयी भारत जोड़ो यात्रा

# राहुल गांधी के जैसा ही टी शर्ट में दिखे उमर अब्दुल्ला

- कांग्रेस ने कहा राज्य पुलिस की सुरक्षा नहीं थी
- पुलिस ने ट्विट कर कहा पूरा इंतजाम किया था
- राहुल ने प्रेस कांफ्रेंस को भी संबोधित किया

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आज पूरी दूरी नहीं तय कर पायी। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर सुरक्षा का इंतजाम नहीं होने तथा लोगों की भारी भीड़ होने के कारण सुरक्षा के लिहाज से ही इस यात्रा को बीच में ही रोक दिया गया। इस यात्रा को रोके जाने से राजनीति गरमा गयी है। वैसे आज भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ उमर अब्दुल्ला ने राहुल के जैसे कपड़े पहनकर यात्रा में भाग लिया।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को जम्मू कश्मीर के बनिहाल में रोका गया। नेता राहुल गांधी का आरोप है कि सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे। पार्टी नेताओं ने कहा कि सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है, इस वजह से यात्रा को रोकना पड़ा है। वहीं, जम्मू कश्मीर पुलिस ने पूरे मामले में बयान जारी किया है। पुलिस का कहना है कि यात्रा शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में आने वाली भीड़ के बारे में सूचित नहीं किया गया था। यात्रा में जरा-सी चूक नहीं हुई है। बाद में राहुल गांधी ने इस विषय पर प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी बात रखी। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा के दौरान पुलिस व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी और भीड़ को संभालने वाले पुलिस वाले कहीं नजर नहीं आ रहे थे। यात्रा में मेरे आगे चलने से सुरक्षाकर्मी बहुत असहज थे, इसलिए मुझे अपनी यात्रा रोकनी पड़ी। उन्होंने बताया कि मेरे लोगों ने मुझे

›› पेज 2 भी देखें

### देश की छवि को लेकर ज्यादा चिंतित हैं: उमर

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए जम्मूम-कश्मीभर के पूर्व मुख्यीमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्हों ने कहा कि आजादी के बाद यह संभवत: पहली बार है, जब सत्तारूढ़ दल से मुस्लिम समुदाय का कोई भी सदस्य न तो लोकसभा में और न ही राज्यसभा में है। भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को सुबह जम्मू-कश्मीर के बनिहाल से आगे घाटी बढ़ी। इस दौरान, बड़ी संख्या में तिरंगा थामे कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता राहुल के साथ पदयात्रा करते नजर आए। बनिहाल में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। राहुल की तरह सफेद टी-शर्ट पहने उमर ने कांग्रेस पार्टी के हजारों समर्थकों के साथ राहुल के साथ पदयात्रा में हिस्सा लिया। श्रीनगर से 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बनिहाल पहुंचने के बाद मीडिया से मुखातिब उमर ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा का मकसद राहुल गांधी की छवि सुधारना नहीं, बल्कि देश के मौजूदा हालातों में बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि वह यात्रा में इसलिए शामिल हो रहे हैं, क्योंकि वह देश की छवि को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। उमर ने कहा, हम किसी एक व्यक्ति की छवि के लिए नहीं, बल्कि देश की छवि के लिए इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

### रविवार को अपनी गाड़ी में वह शिकार करने निकला था

## पालतू कुत्ते की फायरिंग में मारा गया युवक

- अपने किस्म की यह शायद पहली घटना है
- इस बार किस्मत दगा दे गयी

राष्ट्रीय खबर



**कैंनकास:** यहां का एक युवक अपने ही पालतू कुत्ते की फायरिंग का शिकार हुआ और अंततः उसकी मौत हो गयी। रविवार को अपनी गाड़ी मे वह शिकार करने निकला था। पता चला है कि छुट्टी के दिन में तीस वर्षीय यह युवक हमेशा ही ऐसे शिकार पर निकल जाया करता था। इस बार किस्मत दगा दे गयी। स्थानीय समाचार पत्रों में इस घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी है। वैसे समझा जाता है कि अपने किस्म की यह शायद पहली घटना है जिसमें किसी प्राणी के द्वारा की गयी फायरिंग में किसी इंसान की मौत हुई है। खास कर पालतू कुत्ता द्वारा इस किस्म के जानलेवा गोली चालन की कोई पूर्व सूचना उपलब्ध नहीं है। बताया गया है कि शिकार के लिए निकलते वक्त युवक ने अपनी गाड़ी में सारे सामान और अपने पालतू कुत्ता को रख लिया था। गाड़ी की पिछली सीट पर हर बार की तरह उसकी पालतू कुत्ता भी था। कुत्ते के बगल में बंदूक तथा शिकार संबंधी दूसरे उपकरण रखे हुए थे। जो उस युवक को जानते थे, उनके मुताबिक युवक हर बार अपने पालतू कुत्ते को अपन साथ ही इसी तरह ले जाया करता था। अब आस पास के लोगों को पता होता था कि इस किस्म से बाहर जाने के मौके पर वह कुत्ता भी बहुत प्रसन्न रहा करता था। लोगों ने देखा है कि गाड़ी पर सवार होने के पहले कुत्ता अपने मालिक के चारों तरफ चक्कर काटता रहता था ताकि मालिक उसे गाड़ी पर चढ़ने की अनुमति दे। शिकार पूरा होने के बाद भी दोनों इसी तरीके से घर लौट आते थे।

इस बार ऐसे

›› पेज 2 भी देखें

### कांग्रेस के लिए माकपा ने छोड़ दी है तेरह विधानसभा सीटें

## चुनाव नहीं लड़ेंगे पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार

- माकपा का एकतरफा फैसला, कांग्रेस नाखुश
- दिल्ली में अभी चल रही शीर्ष नेताओं की बात
- चुनाव में तृणमूल कांग्रेस भी इस बार मैदान में

राष्ट्रीय खबर



**अगरतला:** भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस और माकपा गठबंधन की चुनावी तैयारी काफी आगे निकल रही है। माकपा की तरफ से यह एलान कर दिया गया है कि विधानसभा की 13 सीटें वे कांग्रेस के लिए छोड़ रहे हैं। इससे कांग्रेस खेमा में असंतोष है और साफ तौर पर कहा गया है कि इससे भाजपा के खिलाफ की मोचाबंदी माकपा की एकतरफा कार्रवाई से कमजोर होगी। दरअसल कुछ ऐसा ही एलान पश्चिम बंगाल में भी माकपा ने किया था। सीटों के बंटवारे पर कोई सहमति होने के पहले ही माकपा का ऐसा एलान दूसरी बार हुआ है। पश्चिम बंगाल में यह काम विमान बसु की तरफ से किया गया था और यहां पर माकपा नेता नारायण कर ने यह एकतरफा एलान किया है। वैसे वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 49 प्रतिशत, कांग्रेस को 25 प्रतिशत और वाम मोर्चा को 17 प्रतिशत वोट मिले थे। साठ सदस्यों वाली इस विधानसभा में भाजपा ने 51 सीटें जीतकर नया रिकार्ड बना दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस को नौ सीटें मिली थी। इस एलान से यह भी स्पष्ट हो गया है कि माकपा नेतृत्व प्रदेश में तिप्रा मोथा आदिवासी संगठन के साथ भी चुनावी तालमेल करने की इच्छा नहीं रखता है। वैसे इस बारे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वीरजीत सिंह ने कहा कि दिल्ली में माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी के साथ पार्टी नेतृत्व की बात चीत चल रही है। सीटों का मसला दरअसल दिल्ली में ही तय होगा। माकपा के साथ साथ वाम मोर्चा मे आरएसपी, भाकपा और फॉरवर्ड ब्लाक भी हैं। इन तीनों दलों को भी माकपा ने एक एक सीटें देने का एलान किया है। एक सीट पर वाम मोर्चा समर्थित एक निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन दिया जाएगा। इसके अलावा बड़ी बात यह है कि इस बार के चुनाव में माकपा नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार के अलावा कई बड़े नेता मसलन बादल चौधरी, भानूलाल साहा, शाहीद चौधरी और तपन चक्रवर्ती जैसे पूर्व मंत्रियों को भी प्रत्याशी नहीं बनाया जाएगा। इस उठा पटक के बीच नई ताकत के तौर पर राज्य में तृणमूल कांग्रेस का भी उदय हो चुका है। इसलिए अब तक चुनावी माहौल में भाजपा के खिलाफ कोई सम्मिलित मोचाबंदी की उम्मीद अभी नहीं के बराबर है।

## भाजपा नेताओं की पूर्वोत्तर चुनाव के लिए बैठक

- प्रधानमंत्री मोदी और नड्डा बैठक में शामिल
- तीन राज्यों में होंगे विधानसभा के चुनाव
- संभावित गठबंधन पर भी हो रहा है विचार

राष्ट्रीय खबर




**नयी दिल्ली:** त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय के विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केन्द्रीय चुनाव समिति की शुक्रवार को नयी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक चल रही है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समिति के अन्य सदस्य तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र के पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भाग ले रहे हैं। त्रिपुरा में 16 फरवरी को और नागालैंड तथा मेघालय में 27 फरवरी को विधानसभा चुनाव होंगे। भाजपा सूत्रों के अनुसार, केन्द्रीय चुनाव समिति की इस बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र के इन तीनों राज्यों के लिए पार्टी की रणनीति और संभावित उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दिया जा सकता है। इस बैठक के सिलसिले में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा और राज्य भाजपा के अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्जी दिल्ली में हैं। उनकी कल यहां राज्य के चुनाव प्रभारी महेश शर्मा, पूर्वोत्तर राज्यों के भाजपा संयोजक संबित पात्रा और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव देब के साथ पार्टी अध्यक्ष श्री नड्डा तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक हुयी थी। त्रिपुरा की साठ सदस्यीय विधानसभा के 2018 के जोरदार चुनाव में भाजपा ने वामपंथी दलों के गठबंधन को सत्ता से बाहर कर दिया था। इस बार साठ सदस्यीय

›› पेज 2 भी देखें

### भारतीय सीमा में मादक पदार्थों की तस्करी का रास्ता म्यांमार से

## सैन्य शासन के बाद अफीम की खेती बढ़ी

- भारतीय सुरक्षा बलों के लिए चुनौती
- मादक पदार्थों के तस्करों की अब चांदी
- मजबूरी मे किसान भी उसी तरह चले गये

राष्ट्रीय खबर



**अगरतला:** भारत के लिए म्यांमार की स्थिति अधिक परेशानी वाली बात है। इनदिनों भारतीय सीमा में जो मादक पदार्थ लाये जा रहे हैं, उनका अधिकांश हिस्सा म्यांमार से ही आ रहा है। दोनों देशों की सीमा पर ऐसे अनेक इलाके हैं, जहां जंगल के रास्ते मादक पदार्थों के तस्कर आसानी से माल भारत में पहुंचा रहे हैं। दूसरी तरफ पहली बार संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में इस बात को स्वीकार किया गया है कि वहां सैन्य शासन कायम होने की बाद ही दूरस्थ इलाकों में अफीम की खेती अत्यधिक बढ़ गयी है। वैसे संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह कहा गया है कि राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता की वजह से भी अनेक लोग अब अफीम की खेती के प्रलोभन में फंसने पर विवश हुआ है। अफीम के सौदागर उन्हें इसके एवज में अच्छी खासी रकम दे रहे हैं। अपना परिवार पालने की जिम्मेदारियों की वजह से दूरस्थ इलाकों के किसान अब जंगल के बीच बने खेतों में अफीम की ही खेती करने लगे हैं। फरवरी 2021 में तख्ता पलट के कर सैन्य शासकों के सत्ता पर आसीन होने के बाद देश की हालत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। दूसरी तरफ भारत की

›› पेज 2 भी देखें

### अनुमान ›

### सूचना तकनीक के बढ़ते प्रभाव के दायरे में अब परिवहन उद्योग भी

# कंप्यूटर वाले स्वचालित वाहन शीघ्र ही आ जाएंगे

- इसके हार्डवेयर को उन्नत करना होगा
- ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन पर ध्यान
- ज्यादा कार्यकुशल होंगे ऐसे भावी वाहन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** शीघ्र ही पूरी दुनिया में उन्नत श्रेणी के वैसे वाहन आ जाएंगे, जो कंप्यूटर तकनीक आधारित होंगे। इस दिशा में गाड़ी में इस्तेमाल होने वाले कंप्यूटर हार्डवेयर तैयार करने का काम भी प्रगति पर है। वैसे यह समझ लेना जरूरी है कि दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने की दिशा में प्रयास के तहत भी यह काम किया जा रहा है। इस काम में जुटे वैज्ञानिकों का अनुमान है कि वर्ष 2050 तक इस दुनिया में 95 प्रतिशत वाहन इसी तकनीक पर आधारित हो जाएंगे। इससे ऊर्जा की खपत कम होने की वजह से पेट्रोलियम जनित प्रदूषण काफी कम किया जाएगा। वैसे इस मामले में इस बात पर विचार किया जा रहा है कि अत्यधिक कंप्यूटर हार्डवेयर के इस्तेमाल से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन पर क्या कुछ प्रभाव होगा। स्वचालित और जीपीएस आधारित वाहन

›› पेज 2 भी देखें

### दूसरे तरफ से पर्यावरण के नुकसान को कम किया जा सके

एमआईटी के शोध दल ने इस दिशा में ऊर्जा की खपत और उससे होने वाले ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन पर ध्यान केंद्रित किया है। इसी चुनौती को कम करने के लिए उन्नत श्रेणी के हार्डवेयर बनाने का काम चल रहा है ताकि एक तरफ से फायदा और दूसरे तरफ से पर्यावरण के नुकसान को कम किया जा सके। वर्तमान कंप्यूटर तकनीक आधारित उपकरणों से अगर वाहनों का संचालन किया गया तो ग्रीन हाउस गैसों के मामले में कोई सुधार नहीं होगा। शोध दल का अनुमान है कि अगर दुनिया में एक खरब स्वचालित ऐसे वाहन सड़कों पर एक घंटा चलते हैं तो वे 840 वाट की दर से ऊर्जा की खपत की वजह से काफी ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कर देंगे, जो पर्यावरण के लिहाज से अच्छी बात नहीं होगी। शोध के तहत एक मॉडल तैयार कर यह भी पाया गया है कि हर तीन साल में पूरी दुनिया में कंप्यूटर आधारित कार्यों का बोझ दोगुणा हो रहा है। इसलिए उन्नत किस्म के कंप्यूटर हार्डवेयर की जरूरत है जो कम ऊर्जा में संचालित हो और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम कर सके।

## रूसी सेना ने यूक्रेन पर नये हमले बढ़ा दिये

- रूस को पश्चिमी देशों से आने वाले टैंकों की चिंता नहीं

राष्ट्रीय खबर



**कियेब:** रूसी सेना ने कई नये इलाकों पर अपना हमला तेज कर दिया है। यह कार्रवाई तब हुई है जबकि जानकारों के मुताबिक युद्ध के मैदान के विभिन्न मोर्चों पर अब पहले से ज्यादा रूसी टैंक नजर आने लगे हैं। रूस की इस कार्रवाई को पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को टैंक देने के एलान का असर माना जा रहा है। रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन पहले ही इस किस्म के उन्नत हथियारों को नजरअंदाज कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि अमेरिका जिन हथियारों को यूक्रेन भेज रहा है, उन्हें रूसी सेना मुंगफली की तरह तोड़ देगी। वैसे कई इलाकों में मिसाइल और ड्रोन हमलों से स्पष्ट है कि रूसी सेना के इन हमलों का यूक्रेन की सेना पूरा मुकाबला नहीं कर पा रही है। मॉस्को ने पहले ही अमेरिका

›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

## रामगढ़ उप चुनाव में भाजमो प्रत्याशी देगा

**रांची :** विधायक सरयू राय की संरक्षण वाली भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) भी रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशी देने की तैयारी कर रही है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि इसपर अंतिम फैसला लेने के लिए मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी रामगढ़ जिला के कार्यकताओं के साथ विचार-विमर्श कर रहे हैं। एक सप्ताह के अंदर मोर्चा के रामगढ़ जिले के कई प्रमुख कार्यकताओं ने धर्मेंद्र तिवारी से मुलाकात कर रामगढ़ से चुनावी पारी शुरू करने का आग्रह किया है।धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रामगढ़ जिले के कई लोगों ने पार्टी से संपर्क किया है कि यदि मोर्चा चुनाव लड़ना तय करे तो वे इस उपचुनाव में मोर्चा का उम्मीदवार बनना चाहेंगे। तिवारी ने कहा कि झारखंड की जनता सत्ताधारी गठबंधन और विपक्षी गठबंधन दोनों से ही निराश है। भ्रष्टाचार से छुटकारा पाने और स्वच्छ प्रशासन के मुद्दे पर जनता एक सार्थक विकल्प की तलाश में है।उन्होंने कहा कि वास्तव में भ्रष्टाचार के मामलों में सत्ता और विपक्ष में महज उन्नीस-बीस का अंतर है। इसका प्रतिकूल प्रभाव प्रशासन तंत्र और विकास पर हो रहा है। तमाम प्राकृतिक संसाधनों के रहते हुए भी झारखंड सामाजिक-आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ता जा रहा है। दिन-रात भारतीय संस्कृति और परम्पराओं पर प्रहार हो रहा है। सरकारी गठबंधन इन्हें हवा दे रहा है ।

**पहल** पहली बार 5.279 करोड़ रुपए की 175 विकास योजनाओं का होगा शुभारंभ

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट लेकर जायेंगे

- कुल परियोजना राशि 100 करोड़ रुपए
- बीहड़ बूढ़ा पहाड़ पर होगा नया बिहान
- सौर ऊर्जा से रोशन होगा दुर्गम बूढ़ा पहाड़

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** राज्य गठन के बाद और उससे पूर्व से उपेक्षित गढ़वा स्थित बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों के दिन अब बहुरेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इसके लिए पहल कर दी है। इस पहल के पहले चरण में मुख्यमंत्री खुद बूढ़ा पहाड़ 5.279 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं को लेकर ग्रामीणों के बीच आ रहें हैं। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के समेकित विकास के लिए 100 करोड़ की लागत से बूढ़ा पहाड़ विकास परियोजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा है।

मालूम हो कि बूढ़ा पहाड़ लंबे समय से नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा था। राज्य और केंद्रीय बलों - दोनों के निरंतर प्रयास के बाद, हाल ही में सितंबर 2022 में विशेष अभियान के बाद इस क्षेत्र को मुक्त करने में सफलता मिली



थी। इसके बाद से, राज्य सरकार द्वारा प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू की गई, जिससे ग्रामीण अबतक वंचित थे। इस क्रम में विगत वर्ष नवंबर माह में मुख्यमंत्री के निर्देश पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बूढ़ा पहाड़ स्थित विभिन्न गांवों में किया गया।

अबतक करीब 6000 से अधिक ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया गया। मुख्यमंत्री बूढ़ा पहाड़ स्थित टेहरी पंचायत के 150 से अधिक ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे। वे बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत स्थानीय लोगों को मिनी ट्रैक्टर, पंपसेट, बीज, कृषि संबंधी किट, राशन किट, फुटबॉल किट, साइकिल सहित अन्य कल्याणकारी योजना का लाभ देंगे। साथ ही, बूढ़ा पहाड़ पर तैनात सुरक्षा बलों के जवानों से साथ बातचीत भी करेंगे। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र स्थित विभिन्न गांव में 90% अनुदान पर सरकारी / निजी तालाब जिर्णोद्धार, 90% अनुदान पर परकोलेशन टैंक निर्माण योजना, 80% अनुदान पर महिला समूहों को मिनी ट्रैक्टर वितरण योजना, 90% अनुदान पर पम्पसेट एवं पाईप वितरण योजना एवं 50% अनुदान पर वर्मी बैंड वितरण योजना से 29 लाभुक लाभान्वित होंगे। वहीं मनरेगा के तहत कूप निर्माण योजना दीदी बाड़ी, मेडबंधी निर्माण, टी०सी०वी० निर्माण, समतलीकरण निर्माण, तालाब निर्माण मिट्टी मोरम पथ निर्माण, पोटो हो खेल मैदान, डोभा निर्माण, गाय एवं बकरी शेड निर्माण समेत कुल 106 योजनाओं का शुभारंभ होगा। राज्य के मुख्यमंत्री ग्रामीणों को सामाजिक सुरक्षा, स्वरोजगार, सर्वजन पेंशन योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से नहीं जोड़ेंगे बल्कि बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र की आधारभूत संरचनाओं एवं मूलभूत योजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे। इसके तहत मदगड़ी पुलिस पिकेट के पास फ्छ्उ कलभर्ट निर्माण, बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के बुढ़ा ग्राम में 25 केवी सौर विद्युतीकरण की योजना, बिजका पुलिस पिकेट के पास फ्छ्उ कलभर्ट निर्माण, बुढ़ा पहाड़ में सोलर आधारित 2ल्ढ का ल्उ्ळ के माध्यम से पेयजलापूर्ति योजना, बुढ़ा गाँव (बेसिक कैम्प ) में सोलर आधारित जलापूर्ति योजना, आँगनबाड़ी केन्द्र खपरी महुआ एवं हेसातु का मॉडल आँगनबाड़ी में परिवर्तन, बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के सातु, बहेराटोली, तुमेरा, खपरी महुआ, तरेर पोलपोल ग्राम में सौर विद्युतीकरण की योजना के तहत 5 केवी का सौर विद्युत आपूर्ति की योजना का शुभारंभ, हेसातु स्वास्थ्य उपकेन्द्र का हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में अपग्रेडेशन एवं महिला स्वयं सहायता समूह को दोना पत्तल यंत्र का वितरण करेंगे।

## सेल की रांची इकाइयों में गणतंत्र दिवस मनाया गया



रांची: सेल रांची की इकाइयों ने 74वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रवादी जोश और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया। इस्पात भवन में, श्री निर्विक बनर्जी, ईडी (आरडीसीआईएस) ने तिरंगा फहरायो इस अवसर पर श्री संजीव कुमार, ईडी (एचआरडी) श्री आशीष चक्रवर्ती, ईडी (एसएसओ); श्री संजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सीईटी) की गरिमामय उपस्थिति रही श्री संजीव कुमार, ईडी (एचआरडी) द्वारा एमटीआई में, श्री आशीष चक्रवर्ती, ईडी (एसएसओ) ने सेल सीएसआर स्कूल में,; सुश्री पी माला हेमरोम, सीजीएम (पी एंड ए) ने सेवा कार्यालय में तिरंगा फहरायो बच्चों ने एमटीआई में गुब्बारे उड़ाए। सीएसआर स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहक रहा।

## पेज एक का शेष

### राहुल गांधी के जैसा ..

यात्रा ना करने की सलाह दी, इसलिए मैं यात्रा से निकल गया और अन्य लोगों ने यात्रा की। हालांकि, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस बात से इनकार किया कि सुरक्षा में कोई चूक हुई है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने कहा- यात्रा के रूट पर सिर्फ आयोजकों द्वारा अधिकृत व्यक्तियों और तलाशी लेने के बाद भीड़ को अंदर जाने की अनुमति दी गई थी। मीडिया से बात करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि राहुल गांधी ने निजी उद्देश्यों के चलते यह यात्रा शुरू नहीं की, बल्कि उन्होंने देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की कथित कोशिशों को लेकर अपनी चिंताओं के मद्देनजर यह कदम उठाया।

उन्होंने कहा कि यह सरकार भले ही अरब देशों के साथ दोस्ती कर रही है, लेकिन लेकिन सच्चाई यह है कि इस सरकार में देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय का कोई प्रतिनिधि नहीं है। आजादी के बाद यह संभवतः पहली बार है, जब सत्तारूढ़ दल से मुस्लिम समुदाय का कोई भी सदस्य न तो लोकसभा में और न ही राज्यसभा में है। यह उनके रुख को दशार्ता है।

जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को निष्प्रभावी बनाए जाने को लेकर कांग्रेस के रुख के बारे में पूछे जाने पर उमर ने कहा, हम अनुच्छेद-370 की बहाली के लिए अदालत में मुकदमा लड़ेंगे। सरकार संबंधित याचिका पर सुनवाई से जिस तरह से पीछे भाग रही है, उससे पता चलता है कि हमारा मुकदमा काफी मजबूत है। जम्मू-कश्मीर में चुनाव पर उन्होंने कहा कि इसे आठ साल हो चुके हैं। नेकां नेता ने कहा, आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुए थे। यह जम्मू-कश्मीर में दो चुनावों के बीच सबसे लंबा अंतराल है।

बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा गुरुवार को गणतंत्र दिवस के मद्देनजर एक दिन के विश्राम के बाद शुक्रवार को सुबह बनिहाल से फिर से शुरू हुई। बुधवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण यात्रा को रामबन में रोकना पड़ा था।

### पालतू कुत्ते की फायरिंग .. ..

ही शिकार में निकलने के दौरान अचानक गोली चलने से उस युवका की मौत हो गयी। अनुमान है कि अपने बगल में रखी बंदूक पर किसी कारण कुत्ते का पैर पड़ गया होगा। इस वजह से फायरिंग हुई और गोली सीधे युवक के सीने के चीरता हुई निकल गयी। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी थी। वैसे बंदूक पर कुत्ते के पंजों के निशान हैं अथवा नहीं उसकी भी जांच की जा रही है। इस बीच कुत्ता खुद भी इस घटना से सदमे में है। उसे एहतियात के तौर पर कुत्ते की देखभाल करने वाले पशु केंद्र में भेज दिया गया है। लेकिन वहां भी वह अब तक सदमे की स्थिति से नहीं उबर पाया है और अलग थलग गुमशुम बैठा रहता है।

### भाजपा नेताओं की पूर्वोत्तर .. ..

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और वामपंथी मोर्चा मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। नागालैंड में साठ सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा क्षेत्रीय दल चिंगवांग कोन्याक के नेतृत्व वाली नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकती है जहां गठबंधन में क्षेत्रीय दल ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। मेघालय में साठ सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 2018 में हुए पिछले चुनाव में केवल दो सीटें ही मिली थीं। पार्टी इस बार वहीं अपना प्रदर्शन सुधारने की जोर-शोर की तैयारी में है और सभी सीटों पर चुनाव लड़ सकती है।

### सैन्य शासन के बाद .. ..

परेशानी यह है कि म्यांमार से उसकी सीमा पर हर स्थान पर आने जाने पर रोक लगाना संभव नहीं है। अनेक जंगलों और पहाड़ों से होकर गुजरने वाले इस सीमा पर कहां से भारत आया जा सकता है, इसकी जानकारी मादक पदार्थों के तस्करों को बेहतर है। इसी क्रम में अब हथियारों और अन्य राष्ट्र विरोधी सामानों की तस्करी भी बढ़ती जा रही है। अनुमान है कि सैन्य अधिकारियों द्वारा जबरन सत्ता हथियार को पहले करीब चालीस हजार हेक्टयर में अफीम की खेती होती थी। अब यह बढ़ गया है। इसी वजह से देश में अफीम का उत्पादन भी लगभग दो गुणा हो चुका है। इस वजह से म्यांमार सीमा पर तैनात भारतीय सुरक्षा बलों की चुनौतियां दिनोंदिन बढ़ती जा रही है।

### कंप्यूटर वाले स्वचालित .. ..

पहले से ही बनाये जा चुके हैं। कई प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों में इन वाहनों का सीमित उपयोग भी किया जा रहा है। दूसरी तरफ कई कंपनियों कंप्यूटर तकनीक आधारित वाहनों के व्यापारिक इस्तेमाल पर भी परीक्षण कर रही है। शोध दल का मानना है कि ऐसे वाहनों के अंदर ही कंप्यूटर स्थापित होंगे।

इस पद्धति के चालू होने के सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकेगा। पूर्व निर्धारित मापदंडों की वजह से ऐसे वाहन अत्यंत खतरनाक गति को कभी प्राप्त ही नहीं करेंगे। अगर वाहन पर बैठे लोग उसे ऐसा करने का निर्देश भी दे तो अपने साफ्टवेयर की वजह से वह इससे इंकार कर देगा। इसके अलावा आम वाहन चालकों को झपकी आने अथवा निर्णय लेने में गलती करने तथा कई बार वाहन में बैठे दूसरे लोगों से बात चीत करने से होने वाले हादसों की बात इसमे पूरी तरह गायब हो जाएगी। क्योंकि कंप्यूटर इन इंसानी परेशानियों से पूरी तरह मुक्त होगा। सेंसर युक्त होने की वजह से वह काफी दूर से ही आने वाले वाहन का हाल चाल भांप लेगा तथा आम इंसानी नजर जिन चीजों को नहीं देख पाती है, वह इन्हें भी देखकर उसके हिसाब से गाड़ी चलायेगा। एमआई के शोधकर्ता सौम्या सुधाकर ने इस पर पेश किये गये शोध प्रबंध का नेतृत्व किया है। इसमें बताया गया है कि यह सभी वाहन इलेक्ट्रिक वाहन होंगे और इनमें किसी इंसानी सहचालक की आवश्यकता नहीं होगी।

### रूसी सेना ने यूक्रेन पर .. ..

और जर्मनी द्वारा यूक्रेन को टैंक देने के निर्णय की आलोचना की है और कहा है कि इससे युद्ध और तेज होगा और उसकी जिम्मेदारी यूक्रेन के साथ साथ हथियार देने वाले देशों की भी होगी। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा है कि आने वाले नये टैंकों का भी वही हश्र होगा जो पहले आने वाले टैंकों का हुआ था। यह बयान तब आया है जबकि पोलैंड, चेक और अन्य नाटो के सदस्य देशों ने यूक्रेन को रूस में निर्मित मिसाइल और पुराने टैंक उपलब्ध कराये हैं। यह सभी देश पूर्व सोवियत संघ के समर्थक देश थे। जिस कारण उन्हें सोवियत संघ ने अपने सहयोगी की रक्षा पंक्ति मजबूत करने के लिए ऐसे हथियार उपलब्ध कराये थे। रूस के पुराने जमाने के टी 72 टैंक अब नये रूसी टैंकों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से अब जर्मनी से आने वाले लेपर्ड 2 और अमेरिका से आने वाले एम 1 अब्राम टैंक की मोर्चे पर प्रतीक्षा की जा रही है। जर्मनी ने पहले चरण में 14 तथा दूसरे चरण में 88 लेपर्ड टैंक देने की एलान काफी विलंब के बाद किया है। दूसरी तरफ अमेरिका ने अपने 31 टैंक यूक्रेन भेजने की बात कही है। पश्चिमी रक्षा विशेषज्ञों का दावा है कि जर्मनी का एक लेपर्ड टैंक तीन से पांच रूसी टैंकों के बराबर है। इससे युद्ध की स्थिति बदल सकती है। अभी यूक्रेन बचाव वाली तकनीक पर काम कर रहा है क्योंकि रूस लगातार उसके बिजली संयंत्रों को अपना निशाना बना रहा है।

# जिला ग्रामीण कांग्रेस ने हाथ जोड़ो अभियान के तैयारी की समीक्षा

राष्ट्रीय खबर




**रांची :** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस भवन में जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह रांची जिला प्रभारी शिव कुमार भगत ने सभी प्रखंड प्रभारियों को आह्वान किया कि भारत जोड़ो यात्रा के संदेश को विस्तारित करने हेतु हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को गांव-टोला, बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लें और गांव-घर में सबों को इससे जोड़ने का काम करें। बैठक में उपस्थित प्रदेश सचिव श्री गोपाल प्रसाद ने नये पुराने सभी कांग्रेसियों को जोड़कर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रखंड प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए रांची जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। डॉ महतो ने बताया कि हाथ से हाथ जोडो अभियान एक जन संवाद कार्यक्रम है जो भारत जोड़ो यात्रा का विस्तारित अभियान है। यह अभियान निरंतर दो महीनों तक चलेगा।

जो प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर होगा। पदयात्रा का नेतृत्व प्रखंड स्तर कांग्रेस कमिटी द्वारा किया जायेगा। डॉ महतो ने बताया कि यात्रा का मूल उद्देश्य राहुल गांधी के संदेश को डोर टू डोर पहंचाना, मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट बांटना और भारत जोड़ो यात्रा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारी बैठक के प्रारंभ में डॉ इलियास मजीद ने भारत जोड़ो यात्रा और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की पृष्ठभूमि और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

बैठक प्रदेश सचिव खगेन्द्र चन्द्र महतो ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय प्रभारी संजय कुमार ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला प्रभारी महासचिव शिव कुमार भगत, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, प्रदेश सचिव गोपाल प्रसाद, खगेन्द्र चन्द्र महतो, डॉ इलियास मजीद, संजय कुमार, जफर इमाम, अंजू, मिनू सिंह, रीता चैधरी, रश्मि चन्द्र पिंगुवा, गौरी शंकर महतो, अब्दूस सलाम, माधो कच्छप, किशोर नायक, चंदन बैठा, अफताब आलम, गुलजार अहमद, निशिकांत गंझू, ज्ञान अहीर, अशफाक आलम सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

# दुमका में स्वतंत्रता सेनानियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, दुमका में आयोजित समारोह में जिले के तीन स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित पत्नी को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेने वाली एसएसबी -35 बटालियन और झांकियों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार से नवाजा । इसके अलावा बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों और कर्मी भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी स्व धनेश्वर मंडल की आश्रित पत्नी चन्द्रावती देवी, स्व पतरू राय की आश्रित पत्नी परवतिया देवी एवं स्व दशरथ राय की आश्रित पत्नी सरोतिया देवी को सम्मानित किया। इसी तरह परेड की टुकड़ी को भी श्री सोरेन ने सम्मानित किया। इसके तहत एसएसबी 35 बटालियन को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। आईआरबी 1 जामताड़ा की टुकड़ी को द्वितीय पुरस्कार से तथा



एनसीसी की टुकड़ी को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। उत्कृष्ट झांकियों को भी सम्मानित किया। इसमें पहला स्थान जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, दुमका को तथा जिला उद्योग विभाग को द्वितीय पुस्कार तथा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण एवं वन विभाग को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीएम हेमंत सोरेन ने बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों और कर्मियों को भी सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में शिकारीपाड़ा के बीडीओ संतोष कुमार चौधरी, एएनएम सविता कुमारी, सेविका लखपति देवी, चालक राजीव रंजन तथा बेहतर पेंटिंग के विकास कुमार सम्मानित किया गया।

# ओबीसी मोर्चा ने फहराया तिरंगा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** देश को शक्तिशाली और विकसित बनाने के लिए आज के दिन हम सभी को संकल्प लेने का दिन है। समस्त नागरिकों में हो भाईचारा जिससे देश में होगी शांति तो देश करेगा प्रगति। उक्त बातें गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यालय कैंपस में झंडोत्तोलन के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। श्री गुप्ता ने कहा की राजतंत्र में प्रजा (नागरिक) का कोई अधिकार नहीं होता था। लेकिन गणतंत्र में देश के समस्त नागरिकों



का समान अधिकार सुनिश्चित किया गया है। देश के कोई भी नागरिक का कार्यपालिका, न्यायपालिका, पत्रकारिता, विधायिका मे समान अधिकार है। इसलिए समस्त देशवासियों को लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए लगातार संघर्ष करना होगा। आज के दिन संकल्प यह भी लेना है की देश के समस्त नागरिक संविधान अनुसार जीवन में आचरण करें और जहां भी संविधान विरुद्ध कोई कार्य हो रहे हैं वहां विरोध भी हो। उक्त अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, प्रदेश महासचिव अजय मेहता, क्रिकेट प्रशिक्षक अभिजीत सोनी कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा, राम लखन साहू, अधिवक्ता जगत सोनी कमलेश चौधरी रामअवतार कश्यप, सुदीप साहू, रामदयाल मुंडा, अरुण गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुआ ध्वाजारोहण

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने झंडोत्तोलन किया। सर्वप्रथम सेवादल की प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। तत्पश्चात झंडोत्तोलन किया गया एवं राष्ट्रगान गाया गया तथा उपस्थित कांग्रेसजनों के बीच मिठाईयां बांटी गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि समस्त राज्यवासियों को 74 वें गणतंत्र



दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आज के दिन आइये हमसब मिलकर देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को बनाए रखने तथा हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक परंपराओं व संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हुए राज्य एवं राष्ट्र की प्रगति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिये। झंडोतोलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनादि ब्रह्म, मदन मोहन शर्मा, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सुरेश बैठा, अमानत अली, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ, आभा सिन्हा, शमशेर आलम, डॉ राकेश किरण महतो, रमा खलखो, अशोक चैधरी, डॉ जय प्रकाश गुप्ता, चंचल चटर्जी, महेन्द्र मिश्रा, अमरेन्द्र सिंह, शशि भूषण राय, पप्पु, पासवान, पप्पु अहजर, रामाकांत आनंद, निरंजन पासवान, जगदीश साहु, आदि सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे।

**अवसर** गणतंत्र दिवस पर कहा कि वसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस का सुखद संयोग है

# प्रधानमंत्री गण और तंत्र दोनों कर रहे मजबूत: दीपक प्रकाश

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में तिरंगा झंडा फहराया। इसके पूर्व श्री प्रकाश ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवम प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय के साथ प्रदेश कार्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। श्री प्रकाश ने गणतंत्र दिवस पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस का सुखद संयोग है। आज हम सभी मां भारती एवम मां सरस्वती दोनो की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि भारत के संविधान की मूल भावनाओं को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा।

उन्होंने कहा कि अंत्योदय के लक्ष्य को साकार करते हुए देश के करोड़ों जन को विकास की मुख्यधारा में जोड़ा जा रहा साथ ही डिजिटल इंडिया के माध्यम से



तंत्र को मजबूत एवम पारदर्शी बनाया जा रहा। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास ,सबका प्रयास मंत्र गणतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी एवम प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी कार्यकताओं को गणतंत्र दिवस एवम वसंत पंचमी की शुभकामनायें दी। गणतंत्र दिवस समारोह में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय,सूर्यमणि सिंह,बालमुकुंद सहाय,गंगोत्री कुजूर,सुबोध सिंह गुड्डू,काजल प्रधान,हेमंत दास,शिवपूजन पाठक,सूरज चौरसिया,प्रदीप सिन्हा,प्रतुल शाहदेव,सरोज सिंह,आरती कुजूर,आरती सिंह,सीमा शर्मा,सीमा सिंह,लक्ष्मी कुमारी, रविनाथ किशोर,पुनीता राय,पवन साहू,तारिक इमरान, अशोक बड़ाइक,संदीप वर्मा,अनवर हयात,सोना खान, शोभा यादव,ललित ओझा,लक्ष्मी चंद्र दीक्षित,राजीव रंजन मिश्र,सांवरमल अग्रवाल,उमाशंकर केडिया,पंकज शाहदेव,प्रमोद मिश्रा,संजय सहाय,सूरज साहदेव निशि जायसवाल,रंजना जायसवाल ,राजेंद्र केसरी,अरुण झा,प्रमोद मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा

रांची : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में गुरुवार को सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ध्वजारोहण शिशु विकास मंदिर समिति के उपाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार जायसवाल ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को शेर के समान वीर बनने के लिए प्रेरित किया। समारोह में छात्रों के द्वारा हिन्दी, संस्कृत और नागपुरी भाषा में भाषण दिया गया। वसंत पंचमी की संध्या पर विद्यालय परिसर में रंगमंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया। रंगमंचीय कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य और गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह। उत्सव में शिशु विकास मंदिर समिति के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र, डॉ. धनेश्वर महतो, श्रीवास्तव, श्री एस वेंकट कुमार, उप प्राचार्य मौजूद थे।

**चेतावनी** एनएचएम निदेशक का घेराव करने रांची पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी

# 30 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा सरकार की फ्लैगशिप योजना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का जत्था रांची पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक कार्यालय का घेराव किया। झारखंड सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी एसोसिएशन के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में स्वास्थ्य पदाधिकारी नामकुम स्वास्थ्य मुख्यालय में एनएचएम कार्यालय का घेराव किया। इसके साथ ही 28 जनवरी को राज्यभर में सेवा दे रहे 1600 के करीब सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं की गई तो 30 जनवरी से राज्यभर के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार यानी हड़ताल पर चले जायेंगे।

सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों ने कहा कि निदेशक की ओर से लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। अचानक रात के समय निदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग करने लगते हैं। इसके साथ ही मीटिंग खत्म करने के बाद चौक-चौराहों पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश देते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी महिलायें हैं।

उन्होंने कहा कि हमलोगों का सेवा स्थायीकरण और तबादला को लेकर लंबे समय से मांग कर रहे हैं। लेकिन हमारी मांगों पर निदेशक ध्यान नहीं दे रहे है। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को मिलनेवाली इंसेंटिव भी बहुत सारे पदाधिकारियों का 11-12 महीने से नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि किसी न किसी तरह से परफॉर्मेंस खराब बताकर इंसेंटिव रोक दिया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी ने कहा कि काम का निर्धारण नहीं किया गया है। इससे रोजाना नये-नये कार्य और जिम्मेदारी देकर प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्य का निर्धारण हो, ताकि रोजाना प्रताड़ित नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि 3 साल के बांड और अनुबंध पर हमारी नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि 25 हजार रुपये वेतन फिक्स है और 15 हजार इंसेंटिव देने का प्रावधान है। लेकिन इंसेंटिव को लटका दिया जाता है।

## न्यूज फटाफट

### आर्यभट्ट सभागार में परीक्षा पर चर्चा सीधा प्रसारण, राज्यपाल हुये शामिल

रांची : रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इसमें राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस शामिल हुए। इस कार्यक्रम में तीन विश्वविद्यालयों और कई स्कूलों के छात्र-छात्रा शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने छात्रों को टाइम मैनेजमेंट के साथ तनाव कम करने के टिप्स दिये। पीएम ने अभिभावकों को भी सलाह की दी कि वे बच्चों को ज्यादा टोकें नहीं, क्योंकि परीक्षा के दौरान बच्चे पहले से ही तनाव में रहते हैं। इस कार्यक्रम में डॉ।श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू, रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू जीएस झा, परीक्षा नियंत्रक आरयू डॉ आशीष झा, प्रोक्टर आरयू डॉ।बीएस झा, ओएसडी आरयू डॉ स्मृति सिंह, एनएसएस कॉर्डिनेटर डॉ ब्रजेश कुमार समेत कई विभागों के डीन और एचओडी शामिल हुये ।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में प्राचार्य ने पहराया तिरंगा

रांची : कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज ति?रंगा फहराया। मौके पर उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा, जीवंत और गतिशील संविधान का देश है। इस संविधान में समानता, स्वतंत्रता, न्याय, एकता और अखंडता के ऐसे प्रावधान अंतर्निहित है, जो देश के नागरिकों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। ध्वजारोहण के पश्चात बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित गीत, नृत्य, नाटक और संभाषण प्रस्तुत किया। छात्र अनुभव कुमार और दिव्यांश सिंह द्वारा प्रस्तुत गीत ह्यसलाम उन शहीदों को ह्य और ह्यवह देश मेरेह्व ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने ह्यपरचम लहरा दोह्व शीर्षक समूह गीत प्रस्तुत किया। शांभवी सिंह, अंजली कुमारी, आयुष जॉय भगत, तनीश दाधीच और विक्कू ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से देश के वीर सपूतों के किरदार को जीवंत कर दिया। अनन्या आनंदी, देवित्य, रेयान, वीर प्रताप,अर्चिता अयात, आदित्य रजक, ऋषिका, इशिता सिंह, जस्मीन, निमिषा और अबू ने राष्ट्रीय प्रतीकों की प्रस्तुति दी। गुरु गोविंद सिंह के चार शहजादों की कुबार्नी की प्रस्तुति ने बच्चों को काफी प्रभावित किया। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ को-ऑर्डिनेटर आशा राज जबकि संचालन छात्रा शुभांगी पटेल और मोहित कुमार ने किया। बच्चों ने संगीत शिक्षक सतीश मिश्रा, मोनिका मुंडू, प्रियंका चक्रवर्ती और आसीमा राय के निर्देशन में कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### सरला बिरला स्कूल में मना गणतंत्र दिवस

रांची : सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं तिरंगे को सलामी दी। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्र गान एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय के चारों सदनों ऋगवेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद एवं सामवेद हाउस के बच्चों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत किया, जिसका नेतृत्व एनसीसी कैडेट ने किया। विद्यालय के बैंड ग्रुप के साथ उन्होंने कदम से कदम मिलाकर अद्भुत दृश्य प्रस-?तुत किया। बच्चों ने देश के सम्मान की रक्षा करने की शपथ ली। राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का भारत सही अर्थों में पूरी दुनिया में नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। प्राचीन काल में हमारे देशभक्तों ने जो गणतंत्र के बीज बोए थे, वह वृक्ष आज पल्लवित हो रहा है, उसे पूरी दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा जो उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं, आने वाले दिनों में वे ही भारत का मस्तक ऊंचा करेंगे।

अब आसानी से हवा में उड़कर जा सकते हैं बारात

# रांची एयरपोर्ट ने शुरू की नई व्यवस्था

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड में निजी कार्यों या मेडिकल इमरजेंसी के लिए हेलीकॉप्टर या विमान बुक करना और भी आसान हो गया है क्योंकि अब यह सुविधा एयरपोर्ट प्रबंधन की तरफ से शुरू की जा रही है। इस नई व्यवस्था की जिम्मेदारी झंकार एजेंसी को दी गई है। इस नई व्यवस्था को लेकर एयरपोर्ट निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि 26 जनवरी का दिन पूरे भारतवासियों के लिए सबसे बेहतर दिन माना जाता है क्योंकि इसी दिन देश का संविधान का लागू हुआ था। इसी को देखते हुए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट प्रबंधन की तरफ से प्राइवेट हेलीकॉप्टर और निजी विमान की शुरूआत की गई है। इस व्यवस्था की शुरूआत एयरपोर्ट के निदेशक केएल अग्रवाल के द्वारा की गई है। मौके पर मौजूद एयरपोर्ट निदेशक केएल अग्रवाल ने कहा कि 26 जनवरी का दिन झारखंड के लिए भी बेहद खास है क्योंकि झारखंड के कई वीर सपूतों ने देश की आजादी और देशवासियों की रक्षा के लिए अपनी जान गंवाई है। इसलिए एयरपोर्ट प्रबंधन की तरफ से 26 जनवरी भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां की पारंपरिक सभ्यता के अनुसार प्रबंधन की ओर से भी नगाड़ा बजाया गया, ताकि यह पद्धति कायम रहे और झारखंड की परंपरा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। मौके पर मौजूद सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट मनीष कुमार ने कहा कि 26 जनवरी का दिन देश के जवानों के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है ।

हड़ताली एचईसी अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार

# सीआईएसएफ जवानों ने की धक्का मुक्की

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** पिछले करीब 3 माह से अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते आ रहे एचईसी के अधिकारियों के साथ सीआईएसएफ के जवानों ने दुर्व्यवहार किया है। हड़ताली पदाधिकारियों का कहना है कि हमेशा की तरह आज जब मेन गेट के बाहर धरना प्रदर्शन के लिए दरी बिछाई जा रही थी, तो सीआईएसएफ के लोग आए और दरी को किनारे फेंक दिया। इस पर जब एचईसी के इंजीनियरों ने सवाल उठाया तो सीआईएसएफ के अधिकारी नियम कानून सिखाने लगे।

हड़ताली इंजीनियरों ने कहा कि जिस स्थान पर पिछले 3 माह से धरना प्रदर्शन दिया जा रहा है, वह स्थान अचानक इतना महत्वपूर्ण कैसे हो गया। हड़ताली इंजीनियर सुभाष ने ईटीवी भारत को बताया कि पिछले 15 माह से वेतन नहीं मिला है। तमाम इंजीनियर परिवारों की माली स्थिति इतनी खराब हो गई है कि भीख मांगने की नौबत आ चुकी है। बच्चों के स्कूलों की फीस जमा करना मुश्किल हो गया है।यही हाल कर्मचारियों के साथ भी है। कर्मचारियों को पिछले 1 साल से वेतन नहीं मिला है। कभी यह संस्थान देश का गौरव कहा जाता था। आज भी इस संस्थान को रॉ मैटेरियल मिले तो एक से एक नायाब चीजें तैयार करने की क्षमता है।

लेकिन भारी उद्योग मंत्रालय के रुख से ऐसा लग रहा है कि इस संस्थान को जमींदोज कर दिया जाएगा। हड़ताली इंजीनियरों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सबसे खास बात है कि इतना कुछ होने के बावजूद अब तक किसी को स्थाई सीईओ नहीं दिया गया है। साल 1960 से 1990 तक एचईसी का स्वर्णिल काल रहा। लेकिन समय के साथ इसकी स्थिति बिगड़ती रही। यह संस्थान सिर्फ राजनीतिक नारों में सिमट कर रह गया है। सेना, रेलवे के अलावा इसरो के लॉचिंग पैड स्ट्रक्चर को तैयार करने की ताकत रखने वाले इस संस्थान को खुद बैसाखी की जरूरत है।

इसी संस्थान के क्षेत्र में जेएससीए, प्रोजेक्ट भवन, विधानसभा का संचालन हो रहा है। लेकिन इसकी हालत सुधरने के बजाए बिगड़ती जा रही है।

# सुबह शाम जारी रहेगी ठंड


**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** मौसम पल-पल बदल रहा है। सुबह और शाम ठंड का एहसास हो रहा है। वहीं दिन में सूरज लोगों को तपाने लगा है। मौसम विभाग की माने तो अब दिन में टेंपरेचर में बढ़ोतरी जारी रहेगी। वहीं सुबह में हल्का धुंध छाया रहेगा, जबकि दिन में मौसम साफ हो जाएगा। इसके अलावा दो-तीन दिनों के दौरान झारखंड के उत्तरी भागों में मिनिमम तापमान में दो से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है, इसके बाद तापमान बढ़ने लगेगा। वहीं राज्य के अन्य भागों की बात करें तो मिनिमम तापमान में फिलहाल कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा टेंपरेचर जमशेदपुर में 32.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि खूंटी में न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री दर्ज किया गया। रांची में 24 घंटों में मैक्सिमम टेंपरेचर 28.4 डिग्री, डालटेनगंज में 30.0 डिग्री, बोकारो में 30.1, चाईबासा 32.8, देवघर 29.5 गिरिडीह 27.3, रामगढ़ 29.6 और सिमडेगा 31.2 डिग्री रहा।

### डीपीएस में शान फहराया तिरंगा

रांची : दिल्ली पब्लिक स्कूल में 26 जनवरी के अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकगण कर्मचारियों की मौजूदगी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ। राम सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज त?रंगा फहराया। ध्?वजारोहण के बाद एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड और मार्च-पास्ट किया गया। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।




# वाहन चोरों को जिला बदर करने की तैयारी, चार्जशीटेड की लिस्ट तैयार कर रही पुलिस

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** राजधानी रांची में वाहन चोर पुलिस के लिए सिरदर्द बन गए हैं। औसतन हर दिन राजधानी रांची से ही 10 ज्यादा बाइक चोरी किए जाते हैं। हालांकि राजधानी में चार पहिया वाहनों की चोरी की घटनाएं कम होती है लेकिन दोपहिया तो देखते ही देखते उड़ा लिए जाते हैं। खासकर बड़े अस्पताल और प्रतिष्ठानों के बाहर से लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रांची में ही एक दर्जन से ज्यादा बाइक चोर गिरोह सक्रिय हैं, जो शहर और ग्रामीण इलाकों से बाइक चोरी कर उन्हें अपराधियों और नक्सलियों तक भी पहुंचाते हैं। लगातार आ रहे मामलों के बाद अब रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने इन पर नकेल कसने की एक खास रणनीति बनाई है। रांची पुलिस अब वाहन चोरों पर सीसीए लगाएगी। पुलिस की ओर से इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बाइक चोरों के खिलाफ बनाई गई रणनीति को अमली जामा पहनाने के लिए पांच सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है। गठित टीम में कोतवाली थानेदार शैलेश प्रसाद, डोरंडा थाना प्रभारी रमेश कुमार, बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन, जगन्नाथपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह और अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार को शामिल किया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने गठित एसआईटी को पांच साल या उससे पहले वाहन चोरी की वारदातों में चार्जशीटेड किया गया है। उनकी सूची तैयार करने का निर्देश दिया है। सूची में वैसे वाहन चोरों को अलग से चिहिन्त किया जा रहा है जिन पर दो या उससे अधिक केस दर्ज हैं। राजधानी के कुछ ऐसे इलाके हैं, जहां किसी की भी बाइक सुरक्षित नहीं है। पलक झपकते ही उन यादों से बाइक चोरी कर ले जाते हैं। ऐसे में गठित टीम के सदस्यों को एसएसपी ने निर्देश दिया है कि वह उन सभी हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां सबसे ज्यादा बाइक चोरी की घटनाएं रिपोर्ट होती है। इसके बाद उन हॉट स्पॉट में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज निकालें, इसके बाद यह देखें कि चोरी की वारदात को अंजाम देने में कितने अपराधी शामिल हैं, उसका फुटेज निकालने के बाद अपराधियों की तलाश करें।

## शहर >> अपडेट

### 26 जनवरी 1950 को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया : स्मिता गिरी

**गुवा** : आशाएं हस्तकरघा केंद्र में महिला समिति अध्यक्ष स्मिता गिरी द्वारा झंडोत्तोलन किया गया ।साथ ही इस अवसर पर महिला समिति के सदस्यों ने सैल्यूट करते हुए तिरंगे को नमन किया । इस अवसर पर महिला समिति अध्यक्षा स्मिता गिरी ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू कर भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में शान के साथ तिरंगा झंडा लहराया

बुढ़मू : 74 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर बुढ़मू प्रखंड के कई गणमान्य लोगों ने सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में शान के साथ तिरंगा झंडा लहराया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय बुढ़मू में मुख्य अतिथी प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में चिकित्सा प्रभारी पूनम कुमारी, थाना परिसर बुढ़मू में थाना प्रभारी, वनपाल परिसर बुढ़मू में फॉरेस्टर, राजीव गांधी उच्च विद्यालय बुढ़मू में विद्यालय के सचिव हरदेव साहू, रामकृष्णा अकादमी विद्यालय बुढ़मू में प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू , राजेश्वर मध्य विद्यालय सिदरोल में बाड़े पंचायत के मुखिया अनूपा उरांव, डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़मू में मुख्य अतिथी कुमार अमित के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस दौरान स्कूलों में छात्र-छात्राओं के द्वारा परेड और झांकियां निकाली गई। वही राजेश्वर मध्य विद्यालय सिदरोल, एवं राम कृष्णा अकादमी विद्यालय बुढ़मू , डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़मू सहित अन्य स्कूलों में स्कूली बच्चों द्वारा परेड किया गया ।, और मनमोहक झांकीयां निकाली गई। झंडोत्तोलन के मौके पर प्रखंड परिसर में उप प्रमुख हरदेव साहू, अंचलाधिकारी शंकर कुमार विद्यार्थी, सहित प्रखंड सह अंचल के कई कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर शामिल हुए जिला परिषद अध्यक्ष

**कूडू** : डायमंड कोचिंग सेंटर कूडू में संचालक हीरालाल यादव एवम डायमंड कोचिंग के शिक्षक जतरू उरांव एवम शिक्षक सह आदिवासी छात्र संघ कुडू प्रखंड अध्यक्ष अवधेश उरांव के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा, वर्षो से सरस्वती पूजा का आयोजन कोचिंग में किया जा रहा है, विद्यार्थी काफी उत्साह के साथ सरस्वती पूजा का इंतजार करते है, एवम हार्सोउलाश के साथ सरस्वती पूजा मानते हैं,इस मौके पर मुख्य रूप से लोहरदगा जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत पूजा स्थल पर उपस्थित रहीं,कहा विद्यार्थियों को शिक्षा में ज्यादा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि शिक्षा ही हमारे जीवन की एक ऐसा हिसा जो हमे रोजगार के साथ सामाजिक,राजनीतिक के हरेक पहलू को सिखाती है,आज के दौर में शिक्षा हरेक लोगों के लिए जरूरी है पहले लोग उतना शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं थे ।

### भाजपा नेता राजेश सिंह ने किया गणेश मंदिर समरसेबल मोटर का उद्घाटन

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत गणेश मंदिर में अपने निजी मद से दान दिए समरसेबल मोटर का उद्घाटन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने गणतंत्र दिवस के दिन नारियल फोड़कर किया। बताते चलें कि गणपति धाम में पानी की समस्या को देखते हुए राजेश सिंह ने पिछले वर्ष गणेश मंदिर को समरसेबल मोटर रांची से अपने निजी मद से खरीद कर पहुंचाए थे। जिसे मंदिर कमेटी द्वारा लगवाया गया। साथ ही कहा कि जब भी गणपति धाम कमेटी को मेरी जरूरत होगी यथा संभव सहयोग करूंगा।

उद्घाटन > सुदेश कुमार महतो ने किया मल्टी जीम का उद्घाटन, कहा

# स्वास्थ्य शरीर में वास होता है स्वच्छ मन का



**राष्ट्रीय खबर**

**सिल्ली:** सिल्ली रेलवे ओवरब्रिज के समीप गुरुवार को केश फिटनेस यूनिसेक्स मल्टी जिम का शुभारंभ विधायक सुदेश कुमार महतो ने फीता काट कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शरीर में स्वच्छ मन का वास होता है। उन्होंने लोगों से इस भाग दौड़ की जिंदगी में जीम का लाभ उठाकर अपने शरीर को स्वस्थ रखने की बात कही। उन्होंने सिल्ली जैसे ग्रामीण परिवेश में अत्याधुनिक मशीनों से लैस जिम खोलकर युवाओं को अपनी फिटनेस को बनाने की अवसर प्रदान करने के लिए जिम संचालक की प्रशंसा की। वहीं जीम के संचालक विश्वजीत महतो, केशव महतो, विवेक बहादुर ने कहा कि यह क्षेत्र का एक मात्र जीम है जो पूरी तरह अत्याधुनिक मशीनों से युक्त है और महिला-पुरुष दोनों इसका लाभ उठा सकते है। मौके पर गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, चिंटू साव, सुमन अग्रवाल समेत जीम के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### भक्ति भाव के साथ मां सरस्वती की पूजा संपन्न

**सिल्ली:** प्रखंड के सिल्ली मुरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षण संस्थान और क्लब एवं मोहल्ले के युवकों ने जगह-जगह मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की। वहीं घरों में छोटे मूर्ति या चित्र स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। इसे लेकर सुबह से ही सभी जगहों पर उत्सव का माहौल बना रहा। पूरे दिन शहर से लेकर गांव तक और चौक-चौराहे पर मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चे डीजे के गानों पर थिरकते रहे। वहीं शाम होते ही पंडालों में प्रतिमा दर्शन के लिए श्रद्धालुओं आना जाना लगा रहा। वहीं पूजा पंडाल की ओर से प्रसाद का वितरण किया गया।

मंत्री ने किया सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन में झंडोत्तोलन

# बोकारो में मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना : शिक्षा मंत्री

**प्लाटूनों ने किया परेड, विभिन्न विभागों ने निकाली आकर्षक झांकी**



**राष्ट्रीय खबर**

**बोकारो** : सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में सूबे के शिक्षा मंत्री सह मद्य निषेध विभाग जगरनाथ महतो ने 74 वें. गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन किया और तिरंगे को सलामी दी। इससे पूर्व उन्होंने विभिन्न प्लाटूनों के परेड का निरीक्षण किया। मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक कोयला प्रक्षेत्र मयूर पटेल, डीआइजी सीआरपीएफ डीपी चौधरी, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा, उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी, सीआरपीएफ कमांडेंट कमलेंद्र प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, डीपीएलआर मनेका, अपर समाहर्ता सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता देवी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी जेम्स सुरीन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, उपायुक्त के विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुमन, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी गीतांजली, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रबला खेस, जिला शिक्षा अधीक्षक मो. नुर आलम, जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज मणि, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक सहित पार्टी के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। जिलेवासियों को अपने संबोधन में मंत्री श्री महतो ने कहा कि पूरे राज्य में बोकारो जिला ने बेहतर कार्य किया है, जिला प्रशासन इसे आगे भी जारी रखें। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर करने की बात कहीं। उन्होंने जिलावासियों को आश्वस्त किया कि बोकारो जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी। वह मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर बात करेंगे। उन्होंने 74 वें. गणतंत्र दिवस की जिलावासियों को शुभकामनाएं दी। वहीं गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर परेड में कुल 11 प्लाटूनों ने हिस्सा लिया। मौके पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कसमार एवं जरीडीह की छात्राओं द्वारा बैंड डिस्पले भी किया गया। साथ ही 18 विभागों द्वारा झांकियां निकाली गई।

## बोकारो क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**

**बोकारो** : 74 वें. गणतंत्र दिवस के अवसर पर बोकारो क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक चंदन झा, उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, अपर समाहर्ता सदात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रबला खेस समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य, संगीत के माध्यम से दर्शकों में देशभक्ति का संचार किया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुति कर दर्शकों के मन को खूब भाया। सभी को झुमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में एमजीएम स्कूल ने मेरा भारत, वो प्यारा देश मेरा..., दिल्ली पब्लिक स्कूल ने उठो जवानों देश की..., रेनबो स्कूल चिराचास ने फूलों से बाहें भूल गये..., सेंट जेवियर्स ने लहराएंगें तिरंगा हर जगह..., चिनमया विद्यालय ने जय हो हर घर तिरंगा..., कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ने भरत वर्ष एक महान सभ्यता..., अयप्पा पब्लिक स्कूल ने देश मेरे देश मेरे, मेरी जान हैं तू..., जीजीपीएस सेक्टर-5 ने मैं नये भारत का चेहरा..., दी पेंटीकॉस्टल एसेंबली ने मेरा चुंदर मंगा दो... एवं डीएवी सेक्टर 4 ने वासुधैव कुटुम्बकम, जय जय भारतम... प्रस्तुत किया।

मौके पर कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले कंपनियों के प्रतिनिधियों, कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों आदि को उपायुक्त पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों ने शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 74 वां गणतंत्र दिवस



**राष्ट्रीय खबर**

**चांडिल** : 74 वां गणतंत्र दिवस गुरुवार को चांडिल अनुमंडल के नीमडीह, चांडिल, कुकडू व ईचागढ़ प्रखंड में बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अनुमंडल के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यलाय व विद्यालयों में झंडा को सलामी दी गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, अंचलाधिकारी प्रणब अम्बष्ट, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रमुख अमला मुर्मू, उप प्रमुख रामकृष्ण महतो आदि उपस्थित थे। वही कुकडू प्रखंड में भी धुमधाम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। ईचागढ़ थाना में थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, चौका थाना में थाना प्रभारी धर्मराज कुमार, चांडिल थाना मे थाना प्रभारी अजीत कुमार, तिरुलडीह थाना मे थाना प्रभारी रितेश कुमार, निमडीह थाना मे थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, कपाली ओपी मे ओपी प्रभारी सुनील कुमार भोकता ने झंडा फहराया। 74 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनुमंडल के सभी सरकारी गौर सरकारी स्कुलो, पंचायत भवन आदि स्थानो में झंडा उत्तोलन किया गया।

# गणतंत्रता दिवस पर बिरसा मुण्डा केंद्रीय कारा से 3 बंदी रिहा

**▶▶10 मामलों को माननीय न्यायायल के समक्ष रखा गया था।**



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची** : झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रांची में गणतंत्रता दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसमें पेन्टिग प्रतियोगिता, बॉलीवाल, केरमबोड, क्रिकेट आदि खेलों सहित जेल अदालत - सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। खेल-कूद प्रतियोगिता में विजय रहे टीम को उपस्थित माननीय न्यायालय द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्री मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि जेल से निकलने के बाद हमें सही मार्ग पर चलना चाहिये, जिससे दुबारा जेल न जाना पड़े।

उन्हांने कहा कि जेल से निकलने के बाद अगर किसी बंदी को व्यापार आदि करने में परेशानी हो रही है, तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सम्पर्क कर सकते है। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के सचिव श्री राकेश रंजन ने कहा कि प्राधिकार हर सम्भव मदद के लिए तत्पर है। कार्यक्रम को माननीय न्यायालय, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्री सौरभ त्रिपाठी, माननीय न्यायालय, श्री अक्षय शर्मा, रेलवे न्यायिक दण्डाधिकारी, श्री अक्षत श्रीवास्तव, श्री कमलेश बेहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, राँची ने भी कानून की जानकारी दी। वहीं अपने सम्बोधन में बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, राँची के अधीक्षक हामिद अख्तर ने बंदियों को उनके अधिकार एवं दायित्वों के बारे में बताया।

## न्यूज फटाफट

### धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा

**चांडिल** : चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में गुरुवार को बड़ी धूमधाम के साथ सरस्वती पूजा श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान अनुमंडल के चांडिल, निमडीह, ईचागढ़ व कुकडू प्रखंड के हर गांव में विभीन्न क्लब के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा धूमधाम के साथ किया गया विद्धा की देवी सरस्वती के पूजा के लिए गांव गांव में भव्य पंडाल और देवी की प्रतिमा स्थापित किया गया है। गुरुवार को सुबह ही माता सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। पुजा अर्चना के दौरान भक्तो द्वारा मां को पुष्प अंजली दीया गया। सरस्वती पूजा को लेकर चांडिल बाजार, चौका, चावलीबासा, बानसा, ईचागढ़, पुरानडीह, तामारी, पातकुम, टीकर, खूंटी आदि समेत सभी गांवों में भव्य व विशाल पंडाल स्थापित कर माता का पूजा अर्चना किया गया।

### चांडिल में हुआ भजन संध्या का आयोजन

**चांडिल** : बसंत पंचमी के उप्लक्ष्य पर श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान मे श्याम मंदिर परिसर में आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालु का भीड़ उमड़ा। रायपुर से आए हुए भजन गायक कुमार शान्तनु के अलावा चांडिल के रवि शर्मा, मोन्टी चौधरी, रोहित चौधरी ने बाबा श्याम के एक से बढकर भजनो की प्रस्तुति दी जिसमे दर्जी सिल दे निशान मन्ने खाटु जाना सा, सहित अन्य भजन प्रस्तूत की। सभी श्याम भक्त भावविभोर होकर बाबा श्याम का जय जयकार लगाने लगे जिससे मंदिर सहित आसपास का वातावरण श्याममय हो गया। इसके पुर्व बाबा श्याम का फुलो से शृंगार किया गया और विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा श्याम को भोग लगया गया। भजनोत्सव कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय चौधरी, संयोजक संजय शर्मा, सह संयोजक दुर्गा चौधरी, श्रवण जालान, चंदन रूंगटा, मेघा बाग, नेका पाल, नीलकमल जालान, अश्विनी शर्मा, हरीश सुल्तनीया सहित अन्य श्याम भक्त उपस्तिथ थे।

### गणतंत्र दिवस के साथ सरस्वती पूजा का आयोजन



**रांची** : इन्द्रपूरी रातू रोड लीटिल लिजेंड स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह के साथ ज्ञान की देवी माँ सस्स्वती की पूजा का उत्सव मनाया गया । नर्सरी से कक्षा पहली के नन्हे - नन्हे बच्चों के द्वारा भारत माता एवं सरस्वती माता की वन्दना के साथ देश भक्ति का संदेश देते हुए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ । बच्चों ने झारखंड के गौरव को प्रस्तुत किया देश के लिये स्वाभिमान को दशार्या। मुख्य अतिथि के रूप में योग शिक्षिका श्रीमति किरण प्रसाद के द्वारा ध्वजा फहराया गया। बच्चों ने राष्ट्रीय गीत गया। अभिवावकों एवं बच्चों को संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि ने बच्चों को उन संस्कार देने की प्रेरणा दी कि बच्चे राम ,कृष्ण , बुद्ध एवं महावीर गाँधी, सुभाष चन्द्र ,अम्बेदकर एवं अब्दुल कलाम जी को याद किया एवं उनकी तरह बनने का संदेश दिया कि वे भी एवं देश तथा विश्व में नाम रौशन करें क विद्यालय की प्रचार्या श्रीमति नीलू सिन्हा ने बच्चों को पुस्स्कार भी दिया। बच्चों को तैयार करने में सभी शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही ।

### झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

बेरमो /गोमिया-झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के स्वांग वासरी शाखा सचिव मुमताज आलम ने अपने आवासीय कार्यालय में ७४वा गणतंत्र दिवस धूमधाम व हरसोल्लास के साथ मनाया गया .इस अवसर मो. मुमताज ने कहा कि आज हम आज आजादी का ७४वा वर्ष गांठ माना रहे है जो हमारे लिए गर्व की बात है,इस आजादी को पाने के लिए हमारे अनेकों वीरों ने अपनी जान तक न्यौछावर कर दिया .इस अवसर पर मौलाना हसन रजा,मुमताज आलम,मो.मुबारक,अरविंद सिन्हा,अकील अंसारी,बद्री प्रसाद,मो. सनुवर,मुकदेव पासवान,सहित कई लोग उपस्थित थे।



### गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**सिल्ली** :- प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुरी टुंगरी पार्क के टुंगरी पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधानसभा का सबसे ऊंचा तिरंगा को फहरा कर सलामी दिया। इस दौरान विधायक ने सिल्ली कॉलेज द्वारा आयोजित एनसीसी परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। मौके पर प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारी, सिल्ली कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मुकुंद महतो, गूंज संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, सुशील महतो, पंसस नीतू देवी पुर्व पंसस राजेश कुम्हार समेत गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके अलावे प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक व बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर सलामी दी। मौके पर उप प्रमुख आरती देवी, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे एवं सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कस्तूरबा बालिका विद्यालय में जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ जितेंद्र महली ने, सिल्ली थाना में थाना प्रभारी आकाशदीप ने, मुरी ओपी में बबलु कुमार सिंह ने, डीएवी स्कूल में प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने, संत माइकल स्कूल में पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू ने राष्ट्रध्वज फहराया। वहीं सिल्ली पंचायत सचिवालय में मुखिया भरत मुंडा ने, लुपुंग पंचायत में मुखिया सीमा कुमारी गोंझु ने, बंता उत्तरी में मुखिया माधवी सिंह मुंडा ने झंडा फहराया।

हड़ताल > सेवा नियमित करने की मांग पर एनआरएचएम स्वास्थ्य कर्मियों का हड़ताल जारी

# सरकार स्वास्थ्य कर्मियों से वार्ता कर समस्या का हल निकाले : सीटू

**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा।** झारखंड राज्य एनआरएचएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ एवं झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के बैनर तले सेवा नियमित व समायोजन करने की मांग पर राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल ग्यारहवें दिन जारी रहा। सदर अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन कार्यालय के सामने धरना पर बैठे हड़ताली कर्मियों को सम्बोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि इस हड़ताल से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गया है। एएनएम, जीएनएम अनुबंध कर्मचारी पिछले 17 से 18 वर्ष से अनुबंध पर का काम कर रहे हैं। चुनाव के पहले उन्हें नियमित करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन सरकार अब मुकर रही है। एक तरफ स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना महामारी के समय बीमारी से लड़ने वाले योद्धा के रुप में करोना वारियर्स कह कर, फुल-मालाएं पहना कर सम्मानित किया गया. दुसरी ओर कोरोना का प्रकोप खत्म होते ही अनुबंध पर कार्यरत कई स्वास्थ्य कर्मियों को काम से हटा दिया गया। आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को तो काम ही नहीं मिला, लेकिन अनुबंध पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की सेवा जारी रखी



गयी और उन्हें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया था कि 2014 के नियमावली के तहत उनकी सेवाओं को नियमित किया जाएगा। इस आश्वासन के कई महीने गुजर गए हैं लेकिन सरकार ने इस दिशा मे कोई कदम नहीं उठाया। अब राज्य की स्वास्थ्य सेवा के अनुबंधकर्मियों की जारी हड़ताल से राज्य में रिम्स और सदर अस्पताल सहित सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बुरी तरह से प्रभावित किया है। सीटू की झारखंड राज्य कमिटी स्वास्थ्य कर्मियों के नियमितीकरण की मांग का समर्थन करते हुए राज्य सरकार से अपील करती है कि वह इन स्वास्थ्य कर्मियों के सभी संगठनों से वार्ता कर जनहित मे हड़ताल समाप्त कराए। धरना में विशेष रूप से आमंत्रित पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि झारखंड के लोगों को सरकार से बहुत सारी उम्मीदें हैं। जिस प्रकार हेमंत सोरेन सरकार ने पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, मनरेगा कर्मियों का मानदेय बढ़ाने के साथ राज्य सरकारी कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किया। उसी तरह बड़ा दिल दिखाते हुए स्वास्थ्य विभाग के इन एनआरएचएम और संविदाकर्मियों की पर ध्यान देना चाहिए और वर्ष 2018 के नियमावली में संशोधन करते हुए इन्हें नियमित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए प्रयास करूंगी। झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी ने कहा कि हड़ताल के कारण बच्चों का नियमित टीकाकरण 75 प्रतिशत कम हो गया है। प्रसव और सिजेरियन प्रभावित हुआ है. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रसव कराने के लिए नर्सें मौजूद नहीं हैं। मरीजों को दवायें देने के लिए कोई मौजूद नहीं है। लैब और एक्सरे टैक्निशयन के हड़ताल पर जाने से सभी तरह का जाँच प्रभावित हुआ है. 24 जनवरी से दर्जनों हड़ताली राजभवन के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठे हैं। जिसके कारण कई कर्मचारियों का स्वास्थ्य बिगड़ गया है और वे हॉस्पिटलाइज हैं।

संपादकीय

## राहुल के सवालों पर रिसर्च कंपनी का बड़ा खुलासा

राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान केंद्र सरकार पर पक्षपात के गंभीर आरोप लगाये हैं। इन मुद्दों पर भाजपा की तरफ से कोई गंभीर सफाई तो नहीं दी गयी अलबत्ता राहुल के आक्रामक तेवर के बाद खुद गौतम अडाणी को मीडिया से बात करने पर मजबूर होना पड़ा। इस बात चीत पर भी अनेक सवाल उठ गये जबकि गौतम अडाणी ने अपनी तरक्की के लिए स्वर्गीय राजीव गांधी का भी नाम लिया। इस उठापटक के बीच ही एक अमेरिकी फर्म द्वारा अडाणी समूह पर स्टॉक और एकाउंट में गड़बड़ी करने का आरोप जड़ दिया गया है। इस रिपोर्ट को अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने जारी किया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अडाणी ग्रुप कई सालों से स्टॉक मैनिपुलेशन और अकाउंटिंग फ्रॉड में शामिल है। अडाणी समूह पर भारी कर्ज को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा है कि वह गौतम अडाणी की कंपनियों के शेयर बेचकर जल्द ही निकल लेगी क्योंकि समूह भारी कर्जे में है। कहा गया है कि



अडाणी समूह ने टैक्स हेवन्स में कंपनियाँ खड़ी करने की सुविधा का नाजायज फायदा उठाया है। लिखा है कि रिसर्च फर्म ने दावा किया है कि यह रिपोर्ट दो साल की तहकीकात के बाद जारी की गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अडाणी ग्रुप कई सालों से स्टॉक मैनिपुलेशन और अकाउंटिंग फ्रॉड में शामिल है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह रिपोर्ट जारी करने से पहले रिसर्च फर्म ने अडाणी समूह में काम कर चुके कई वरिष्ठ अधिकारियों सहित दर्जनों लोगों से बात की। हजारों दस्तावेजों की पड़ताल की और लगभग आधा दर्जन देशों में अडाणी समूह के ऑफिसों के चक्कर काटे हैं। इस रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह की तरफ से आरोपों की सफाई दी गयी है। इस स्पष्टीकरण के बाद रिसर्च कंपनी ने उल्टे अडाणी समूह को चुनौती देते हुए कहा है कि अगर रिपोर्ट की सत्यता पर उन्हें संदेह है तो उन्हें अमेरिकी अदालत में आना चाहिए। हिंडेनबर्ग का कहना है कि अडाणी समूह के फाउंडर और चेयरमैन गौतम अडाणी की संपत्ति 120 अरब डॉलर (करीब 9.8 लाख करोड़ रुपये) है। इसमें से 100 अरब डॉलर (करीब 8 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का इजाफा पिछले तीन साल में हुआ। इसका कारण समूह की सूचीबद्ध सात कंपनियों के शेयरों में आई जबरदस्त तेजी रही है। इनमें इस दौरान अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में औसतन 819 फीसदी का उछाल आया है.ह्व रिपोर्ट में कहा गया है कि अडाणी की प्रमुख कंपनियों ने मोटा कर्ज ले रखा है। इसके चलते समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों में से पांच का ह्यकरेंट रेशियो ह्व 1 से नीचे है। इससे पहले अगस्त, 2022 में फिच ग्रुप की रिसर्च फर्म क्रेडिटसाइट्स ने भी अडाणी समूह के कर्ज पर चिंता जताई थी। बार बार यह कहा गया था कि अडाणी ग्रुप आक्रामक तरीके से कारोबारी विस्तार कर रहा है जिससे कंपनी पर वित्तीय दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और कंपनी का कैश फ्लो भी घट रहा है। अगर हालात बिगड़े तो कंपनी कर्ज के जाल में बुरी तरह फंस सकती है। क्रेडिटसाइट्स के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में कंपनी का कर्ज 2.2 लाख करोड़ रुपये हो गया था। हालांकि बाद में अपनी रिपोर्ट में खामियों को स्वीकार करते हुए कहा है कि अडाणी समूह की कंपनियों को लेकर उसके कैलकुलेशन में गलती की थी। लेकिन भारतीय परिपेक्ष्य में इसका प्रभाव शेयर बाजार में देखने को मिला, जहां अडाणी की कंपनियों के शेयर के भाव गिरे तो कंपनी को करीब चालीस हजार करोड़ का नुकसान होने का आकलन किया गया है। दूसरी तरफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अडाणी समूह पर मनी लॉन्ड्रिंग, टैक्स चोरी और भ्रष्टाचार से जुड़े चार मामलों की जांच चल रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक अडाणी फैमिली के सदस्य भी, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात और कैरेबियाई द्वीप समूह जैसे टैक्स हेवन में शेल कंपनियों का संचालन करते हैं और इन पर भी धोखाधड़ी का आरोप है। अडाणी ग्रुप के सीएफओ जुगशिंदर सिंह ने कहा है कि कंपनी पर जिस तरह के आरोप लगाए गए हैं वे सही नहीं हैं और यह दुर्भावना से प्रेरित हैं । उन्होंने कहा कि रिपोर्ट को लेकर तथ्यों की पुष्टि के लिये उससे कोई संपर्क नहीं किया गया। उन्होंने कहा है कि इस रिपोर्ट में बहुत सारी गलत बातें कही गई हैं, जिनका कोई आधार नहीं है। यह रिपोर्ट अडाणी ग्रुप की छवि को खराब करने की कोशिश है। लेकिन सरकार के स्तर पर कर्जमाफी का कितना लाभ इस कंपनी को मिला है, यह सवाल अनुत्तरित है। देश की सारी पूंजी चंद लोगों के हाथों सौंपने का आरोप अब अमेरिकी रिपोर्ट के बाद पुख्ता होता नजर आ रहा है

# चुनावों के लिए भाजपा का लक्ष्य और संकल्प

राजधानी दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को आगामी चुनावों की दृष्टि से देखा जाना बिलकुल स्वाभाविक है। इस वर्ष नौ राज्यों के विधानसभा चुनावों और अगले वर्ष लोकसभा चुनाव को देखते हुए किसी पार्टी की गतिविधि को उसके साथ जोड़कर देखा ही जाएगा। वैसे भी भाजपा कार्यकारिणी की बैठक खत्म हुई और चुनाव आयोग ने तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और मिजोरम चुनावों की घोषणा कर दी। सामान्यतः भाजपा अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक उन राज्यों में आयोजित करती है जहां सबसे निकट चुनाव होते हैं। तो राष्ट्रीय कार्यकारिणी त्रिपुरा में होनी चाहिए थी, क्योंकि सबसे पहला महाभारत भाजपा के लिए वही है। अलग-अलग 9 राज्यों में कार्यकारिणी आयोजित नहीं कर सकते क्योंकि साल में चार ही आयोजन होना है। नई दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित करने से एक साथ पूरे देश में संदेश जाता है। इस नाते भाजपा ने कार्यकारिणी के द्वारा अपने नेताओं व कार्यकताओं के सामने चुनाव संबंधी पर लक्ष्य रखे और आम जनता के बीच अपनी नीतियों, भावी कार्यक्रमों, चुनावी मुद्दों आदि का संदेश दिया। कार्यकारिणी के अंत में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अध्यक्ष जगत प्रसाद प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में पार्टी को वर्ष 2019 की तुलना में बड़ा जनादेश मिलेगा। अगर पार्टी के दूसरे स्थान के शीर्ष रणनीतिकार पत्रकार वार्ता में कार्यकारिणी के बाद 2019 से बड़ी जीत का दावा करते हैं तो मानना पड़ेगा कि कार्यकारिणी का फोकस चुनाव ही था। प्रश्न है कि इस दृष्टि से कार्यकारिणी ने क्या संदेश दिया?



अवधेश कुमार
पत्रकार

सामान्यतः भाजपा कार्यकारिणी में पारित प्रस्तावों से लेकर अध्यक्ष, गृह मंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीनों के भाषणों को हाल के वर्षों में सर्वाधिक महत्व मिला है। किंतु पार्टी के नेता- कार्यकर्ता से लेकर आम आदमी एवं मीडिया नरेंद्र मोदी के वक्तव्य को ज्यादा फोकस करता है।मोदी ने एक साथ पार्टी संगठन से लेकर, जनसमर्थन बढ़ाने तथा भविष्य में भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए काम करने के सूत्र दिए। उन्होंने अमृत काल को कर्तव्य काल में बदलकर देश को आगे ले जाने का न केवल आह्वान किया बल्कि कहा कि भारत का बेहतरीन समय आने वाला है। जाहिर है, एक आशाजनक तस्वीर पेश कर कार्यकताओं और समर्थकों के अंदर उत्साह और विश्वास पैदा करने की यह कोशिश थी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकताओं को वोट की चिंता किए बिना समाज को बदलने का कार्य करना है। यानी कौन हमें वोट देता है नहीं देता है इसकी चिंता किए बगैर कार्यकर्ता समाज के हर हिस्से तक पहुंचें तथा सबका भरोसा जीतें। सबको देश के विकास के लिए स्वयं को समर्पित करना चाहिए। प्रधानमंत्री जब कह रहे थे कि सिर्फ वे लोग, जो संकल्प लेते हैं इतिहास रचते हैं और भाजपा को भी संकल्प लेना है और इतिहास रचना है तो उसके मायने बहुआयामी थे। यानी न केवल देश को विश्व का सर्वोत्कृष्ट राष्ट्र बनाने का लक्ष्य, बल्कि भाजपा को अगले चुनाव में रिकॉर्ड सीट दिलाने का भी संकल्प लेना है। नड्डा ने लोकसभा चुनाव के लिए 350 सीटों का लक्ष्य घोषित किया है। प्रधानमंत्री का आह्वान 24 घंटा सक्रिय मोड में काम करने का था। जब उन्होंने कहा कि हमारे पास लोगों की सेवा करने और विश्वास जीतने के लिए 400 दिन का समय है तो जाहिर है समाज के सभी वर्गों का भरोसा जीतने के लिए पूरी ताकत लगानी होगी।

कोई भी पार्टी लोकसभा में सर्वाधिक सीटें जीतने और लंबे समय तक शासन करने की आकांक्षा रखती है तो उसे सभी वर्ग ,समुदाय, क्षेत्र के मतदाताओं का समर्थन चाहिए। केवल चुनाव जीतने के लिए ही नहीं काम करने के लिए भी जनता का समर्थन चाहिए होता है। 2014 में नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास, फिर एक भारत श्रेष्ठ भारत और सबका साथ सबका विकास के साथ सबका विश्वास का नारा दिया था। अब वह कह रहे हैं कि हमें मुसलमानों और ईसाइयों के बीच जाना है खासकर पसमांदा और उसके लिए उनके धर्म स्थलों तक जाना है तो यह समर्थन विस्तार की ही कोशिश है। प्रधानमंत्री को पता है कि आम नेताओं , कार्यकताओं के मन में यह अनुभव गहरे बैठा हुआ है कि मुसलमान और ईसाई उनको वोट नहीं देते। इसीलिए उन्होंने कहा कि कोई आपको वोट दे न दे आपको वहां जाना है। वाकई वोट भले ही ना दे, उसके अंदर सरकार सबके हित में काम कर रही है और उसमें उसका हित है यह विचार पहुंचाना आवश्यक है। भाजपा विरोधी ही नहीं देश विरोधी शक्तियां भी मुसलमानों और ईसाईयों के मन में यह भाव पैदा करते रहते हैं कि मोदी, भाजपा, संघ सब उनके विरोधी है। इस कारण इनका एक बड़ा वर्ग भाजपा के साथ दुश्मनों जैसा विचार रखता है। धरातल को समझने वाले जानते हैं कि मुसलमानों का बड़ा वर्ग भाजपा को अभी वोट देने के मूड में नहीं है लेकिन ऐसा समय आ सकता है जब वो वोट दें और इसके लिए उनके साथ सतत संवाद संपर्क बनाए रखना आवश्यक है। इसदृष्टि से प्रधानमंत्री की घोषणा का महत्व है।

हालांकि भाजपा के पारित प्रस्तावों को देखें तो विचारधारा पर समझौते की बात उसमें नहीं है चाहे राम मंदिर संबंधी प्रस्ताव हो या अन्य, सबमें विचारधारा के प्रति संकल्पबद्धता का आभास होता है। यानी कार्यकर्ता उनके बीच जाएं लेकिन वहां जाने के लिए अपनी विचारधारा पर क्षमा या किसी कोने या समझौता करने की आवश्यकता नहीं है। यानी अपनी विचारधारा पर रहते हुए उनके साथ संवाद करना है उनका विश्वास जीतने की कोशिश करनी है। भाजपा की यही बात उसे अन्य पार्टियों से अलग करती है। अन्य पार्टियों ने देश में मुसलमानों और ईसाइयों को अपने साथ लाने के लिए अपनी विचारधाराओं से समझौता किया जिसे संघ परिवार तुष्टीकरण कहती है। आजादी के बाद के भारत के इतिहास का यही सच है कि इन वर्गों को मुख्यधारा में लाने और उनकी गलतियों को उनके समक्ष स्पष्ट रूप से बताने की बजाय उनको मनाने बहलाने फुलाने की ज्यादा कोशिश हुई। इस कारण खासकर मुस्लिम समाज के अंदर जो सामाजिक परिवर्तन होना चाहिए वह नहीं हो पाया। देखना होगा भाजपा की यह कोशिश सफल होती है या नहीं। अत्यंत कठिन है और जिस ढंग से विरोधी इन्हें डराने में लगे हैं उसे देखते हुए निकट भविष्य में भाजपा के लिए इनका विश्वास पाना असंभव सा लगता है।

# कृष्ण के अनुसार धर्म क्या है?

**गतांक से आगे.. .. ..**

स्वधर्म (जीवन में खुद का कर्तव्य) की आती है, यानी मैं स्वयं अपने अंदर कैसे रहूं, तो उसके बारे में मैं पूरी तरह स्पष्ट हूं। किसी बुद्धिमान व्यक्ति के दिमाग में भी इस बात को लेकर शत प्रतिशत स्पष्टता नहीं होती कि उसे किस तरह से कर्म करना चाहिए। वह हमेशा अपने निर्णय को तौलता है। अगर आप बाकी जीवों के नजरिये से देखने की कोशिश करेंगे तो पाएंगे कि हम जो भी करते हैं, हमारा अस्तित्व, हमारा खानपान, हमारा जीवन, हमारा सांस लेना सब कुछ किसी न किसी तरह से उन जीवों के साथ अन्याय ही है। तो इस तरह इस दुनिया में कोई भी कर्म न तो सौ-फीसदी सही है और न सौ-फीसदी गलत। आपको बस यह देखना है कि




आपके कर्मों से ज्यादा से ज्यादा लोगों का भला हो, और फिर उसी हिसाब से कर्म करिए। जब बाहरी क्रियाकलापों की बात आती है, तो उस पल के लिए उचित निर्णय लेना ही धर्म है। कोई यह तय नहीं कर सकता कि क्या सही है और क्या गलत। जब कर्म करने की बात आती है तो सौ-फीसदी स्पष्टता सिर्फ एक मूर्ख या एक कट्टर इंसान के दिमाग में ही होती है। बाकी सभी लोग हमेशा अपने निर्णय को तौलते हैं, कि क्या सही है और क्या गलत। कोई दूसरा तरीका ही नहीं है। इस सृष्टि की प्रकृति ही ऐसी है।

अब आप किसी की हत्या की बात कर रहे हैं। जरा सोच कर देखिए, जब आप खाते हैं, तो आप किसी की हत्या कर रहे होते हैं, जब आप सांस लेते हैं तो आप किसी की जान ले रहे होते हैं, जब आप चलते हैं तो भी पैरों तले किसी जीव की जान लेते हैं। अगर आप यह सब नहीं करना चाहते तो आपका अपना जीवन खतरे में पड़ जाएगा और तब आप खुद की जान ले रहे होंगे। तो आप किस धर्म का पालन करेंगे? बात बस इतनी है कि आप भीतर से कैसे हैं। .. .. ..**जारी**

नज़रिया

## इंटरनेट, सोशल मीडिया बनाम किताबों का संसार

तकनीक से लैस डिजिटल दौर में समाज, संस्कृति, सरोकार और मानवीयता के सच को साहित्य के दर्पण में तलाशना-तराशना अब सहज-सरल नहीं रहा.... जबकि इंटरनेट नेटवर्क से हमें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना आसान हो गया है। सूचना तकनीक के माध्यम से लोगों के साथ घुलने-मिलने और जुड़ने-जोड़ने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं का सोशल मीडिया नेटवर्क एक विशेष उपलब्धि की तरह है।



शंभु सुमन
वरिष्ठ
पत्रकार

उसमें पन्ने फड़फड़ाने की आवाज की जगह सरकती उंगलियां से पढ़ने-समझने का ऐहसास बिल्कुल अलग होता है. उसकी रोशनी चेहरे को हमेशा चमकाए रहती है, जबकि चेहरा पठनीयता के साथ स्वतः चमकने की कोशिश करता ही रह जाता है। यानी दिमाग में खालीपन बना रहता है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि वह पाठक वर्ग विचारों के आदान-प्रदान की सहजता के बावजूद अपनी वैचारिक घुलनशीलता से संतुष्ट नहीं हो पाता है। उसे अपनी प्रबुद्धता में खलल की भी अनुभूति होती है.... और फिर वह समाज से जुड़ने से वंचित रह जाता हैं। दूसरी तरफ सोशल मीडिया नेटवर्क में शब्दों का बना हुआ निर्वाधित बहाव है, नई धारा की वैचारिक सोच में विविधताएं हैं। नए संबंधों को तलाशने की ललक है। तथ्यों के प्रति नया नजरया है। नई सोच की हिम्मत है।

**दिमाग में खालीपन बना रहता है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि वह पाठक वर्ग विचारों के आदान-प्रदान की सहजता के बावजूद अपनी वैचारिक घुलनशीलता से संतुष्ट नहीं हो पाता है।**

ताजगी भी है... यहां तक कि उसमें एक सहज गति के साथ-साथ भाषाओं का मिटा अंतर भी है। हिंदी को मिला यूनिकोड के तकनीक का साथ और वैश्विक विस्तार है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि साहित्य आज के दौर की सामाजिक संवेदनशीलता से उफनते 'इंटरनेट सोशल मीडिया नेटवर्क' में एक मजबूत जगह क्यों नहीं बना पा रहा है? साहित्य धुंधला हो गया है या फिर सामाजिक विसंगतियां का कोहरा ही घना हो गया है? विविधताओं से भरे राष्ट्र समाज, रहन-सहन और रिवाज की मौजूदा हालात को समझने में कहां चूक हो रही है? इसी के साथ-साथ यह सवाल भी बार-बार कौंध जाता है कि इसके लिए जिम्मेदार कौन हैं? वह साहित्य, जो इनदिनों डिजिटल बनकर तैर रहा है, या फिर साहित्यकारों की टुकड़ों में बंटीं तथाकथित मठाधीश साहित्यकारों का अहं और साहुकार बने बैठी टिप्पणीकारों की टोलियां ही इसका जिम्मेदार है?

एक पहलू यह भी है कि आज के समय में हमारा साहित्य न तो रचनाशीलता को सही तरह से पाठकों के सामने रख पा रहा है और न ही साहित्यकार सोशल नेटवर्किंग साइट्स के लोकतंत्रिकरण का सही इस्तेमाल कर पा रहे हैं. जबकि साहित्य की चर्चा खूब हो रही है। साहित्योत्सव मनाए जा रहे हैं। जितने बड़े प्रकाशन समूह का आयोजन उतनी बड़ी तादात में युवाओं की चौंकाने वाली उमड़ी भीड़... पुस्तकों के प्रकाशन में भी बढ़ोत्तरी हुई ह। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर किताबों के मेले लगाए जा रहे हैं। और तो और, साहित्य की विधाओं में प्रयोग भी किए जा रहे हैं। बावजूद इसके सोशल मीडिया नेटवर्क से बने हुए बेडौल साहित्यिक माहौल के कई रंग देखे जा सकते हैं, जो वाट्सएप ग्रुप, फेसबुक लाइव, जूम या मीट गाष्ठियों, काव्य और कहानी पाठों के रूप में दिखे जाते है। गद्य और पद्य की विभिन्न विधाओं में कहानियां, उपन्यास, गीत-गजल आदि के अधिकतर रचनाकार और रचनाओं में समाज से जुड़ाव की कमी साफ तौर पर नजर आती है। रचना का दृष्टिकोण सकारात्मक न होकर उलझाव लिए हुए होता है। समाज की वास्तविक तस्वीर और सच प्रस्तुत करने के नाम पर उस के निष्कर्ष तक शायद ही कोई साहित्यकार पहुंच पाते हैं।

जानकारी

## आमेर, जयपुर



आमेर जयपुर नगर सीमा में ही स्थित उपनगर है, आमेर को कछवाह राजपूतो ने बसाया था। आमेर नगरी और वहां के मंदिर तथा किले राजपूती कला का अद्वितीय उदाहरण है। यहां का प्रसिद्ध दुर्ग आज भी ऐतिहासिक फिल्मों के निमार्ताओं को शूटिंग के लिए आमंत्रित करता है। मुख्य द्वार गणेश पोल कहलाता है, जिसकी नक्काशी अत्यन्त आकर्षक है। यहां की दीवारों पर कलात्मक चित्र बनाए गए थे और कहते हैं कि उन महान कारीगरों की कला से मुगल बादशाह जहांगीर इतना नाराज हो गया कि उसने इन चित्रों पर प्लास्टर करवा दिया। ये चित्र धीरे-धीरे प्लास्टर उखड़ने से अब दिखाई देने लगे हैं। आमेर में ही है चालीस खम्बों वाला वह शीश महल, जहां माचिस की तीली जलाने पर सारे महल में दीपावलियां आलोकित हो उठती है। हाथी की सवारी यहां के विशेष आकर्षण है, जो देशी सैलानियों से अधिक विदेशी पर्यटकों के लिए कौतूहल और आनंद का विषय है। .. ..**जारी।**

## 12GB RAM, 120W फास्ट चार्जिंग के साथ iQOO Neo 7 लेगा एंट्री

नई दिल्ली: iQOO Af iQOO Neo 7 को 16 फरवरी को भारत में आधिकारिक रूप से लॉन्च करने वाली है। भारत में Amazon और iQOO की वेबसाइट्स पर इसके लिए पेज उपलब्ध हैं। यह फोन जल्द ही मार्केट में लॉन्च होने वाला है तो ऐसे में कंपनी धीरे-धीरे इसके स्पेसिफिकेशंस का खुलासा कर रही है। यहां हम आपको iQOO Neo 7 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस से लेकर कीमत आदि के बारे में बता रहे हैं।




iQOO Neo 7 भारत के पहले डाइमेंसिटी 8200 बेस्ड स्मार्टफोन के तौर पर आ सकता है। फोन के लैंडिंग पेज में अब रैम और स्टोरेज का खुलासा हुआ है। साथ ही इसमें इसके वेरिएंट के कॉन्फिगरेशन की भी जानकारी है। यहां हम आपको iQOO Neo 7 के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

iQOO Neo 7 LPDDR5 RAM और UFS 3.1 स्टोरेज के साथ आएगा। वहीं एक्सटेंडेड रैम 3.0 टेक्नोलॉजी के जरिए 8GB तक वर्चुअल रैम होगी। Dimensity 8200 पर बेस्ड नियो 7 ने AnTuTu पर 893,690 स्कोर किया है। कंपनी का दावा है कि यह स्कोर डिवाइस के 12 जीबी RAM + 256 जीबी स्टोरेज वेरिएंट का है। यह Neo 7 का टॉप वेरिएंट हो सकता है।

iQOO Neo 6 को भारत में बीते साल पेश किया गया था। यह फोन दो ऑप्शन 8GB + 128GB और 12GB + 256GB में आएगा। इसलिए यह उम्मीद है कि Neo 7 इसी रैम और स्टोरेज के साथ भी आ सकता है।




कंपनी ने पहले ही कंफर्म कर दिया है कि iQOO Neo 7 में 6.78 इंच की AMOLED ए5 डिस्प्ले मिलेगी, जिसका फुल HD+ रेजोल्यूशन, 120Hz रिफ्रेश रेट और अंडर-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर मिलता है। यह 3D कूलिंग सिस्टम और 120W फास्ट चार्जिंग से लैस होगा।

### टॉप ट्वीट



"मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। उनकी दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।" श्री बिरला ने बधाई देते हुए ट्वीट किया, "मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। "

**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



"हिंदुस्तान जिंदाबाद है, जिंदाबाद था और जिंदाबाद रहेगा। इस स्वतंत्रता दिवस पर हम आपके लिए इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म का सीक्वल ला रहे हैं। 'गदर 2' इस साल 11 अगस्त को रिलीज होने वाली है।"

**सन्नी देओल**
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

### राष्ट्रीय रत्न सम्मान समारोह सम्पन्न

मुम्बई की चर्चित स्वयं सेवी संस्था कृष्णा चौहान फाउंडेशन के संस्थापक डॉ कृष्णा चौहान द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2023 को अंधेरी (वेस्ट),मुम्बई स्थित मेयर हॉल में आयोजित राष्ट्रीय रत्न सम्मान समारोह(सीजन 2), संजय पाटिल एसीपी, एसीपी बाजीराव महाजन, संगीतकार दिलीप सेन, संगीतकार इस्माइल दरबार, सिंगर ऋतु पाठक, अनिल नागरथ, अनिल काशी मुरारका, बी एन तिवारी, अभिजीत राणे, ब्राइट आउटडोर के डॉ योगेश लखानी, राजकुमार कनौजिया, जीनत एहसान कुरैशी, के के गोस्वामी, श्याम लाल, रैपर हितेश्वर, सोशल वर्कर दीनदयाल मुरारका, डॉ भारती छाबड़िया, सुंदरी ठाकुर, डॉ अर्चना देशमुख, समीरा शेख, सोशल वर्कर शेख शबाना इब्राहीम,डीएन नगर पुलिस स्टेशन के पीआई निवृत्ति बोढ़दे के अलावा बॉलीवुड के कई अन्य नामचीन शख्सियतों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। केसीएफ प्रस्तुत इस पुरस्कार समारोह में उन हस्तियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने समाज सेवा और मानव सेवा में बेहतरीन काम किया है। एंकर संजय अमन थे। समारोह के दौरान एसीपी संजय पाटिल, एसीपी बाजीराव महाजन, अभिजीत राणे, दिलीप सेन, इस्माइल दरबार, सिंगर ऋतु पाठक, अनिल काशी मुरारका, बी एन तिवारी, डॉ योगेश लखानी, पब्लिसिटी डिजाइनर आर राजपाल, ?क्टर नाफे खान, राजा चौधरी, रंजन कुमार सिंह, निमार्ता प्रकाश दास को सम्मानित किया गया साथ ही साथ के समाज सेवकों, बिजनसमैन, फिल्म इंडस्ट्री के नवोदित प्रतिभाओं, फोटोग्राफर्स और पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। सिंगर ऋतु पाठक ने स्टेज पर कई गाने गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। विदित हो कि डॉ कृष्णा चौहान न सिर्फ एक सफल बॉलीवुड डायरेक्टर हैं, एक्टिव सोशल वर्कर हैं बल्कि अवाड्र्स फंक्शन्स करवाने के मामले में अव्वल नम्बर पर जाने माने जाते हैं।

**काली दास पाण्डेय**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### होसिर पश्चिमी पंचायत में हुआ ग्रामसभा का आयोजन

**बेरमो/ललपनिया :** गोमिया प्रखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवन में पंचायत की मुखिया पार्वती देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम सभा का आयोजन कर योजनाओं का चयन किया गया। ग्राम सभा के दौरान मुखिया पार्वती देवी ने कहा कि सबकी योजना सबका विकास तहत योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाएगा।

## सिटी अपडेट्स >>

### शीला पूजा धूमधाम से सम्पन्न

**हजारीबाग :** काली मंदिर प्रांगण में बाबा भूतनाथ मंडली न्यास समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में मंदिर का शीला पूजन का कार्य धूमधाम से शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि सरस्वती पूजा के दिन महाकाली मंदिर, मुक्तिधाम, खिरगांव, हजारीबाग के नवनिर्माण का भूमि पूजन सामुहिक रूप से संम्पन्न हुआ, सैकड़ों माता के भक्तों ने एक ईंट रखकर अपना योगदान दिया ।इस मंदिर का निर्माण महाराष्ट्र के शिल्पकार करेगें,तीन से चार वर्ष में कार्य पूर्ण होगा। इस अवसर पर बाबा भूतनाथ मंडली न्यास समिति के कोषाध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि इस नवनिर्मित मंदिर के निर्माण में लोगो से आग्रह किया कि बढ़ चढ़ कर मंदिर निर्माण में सहयोग करे ।सचिव राजेश यादव ने कहा कि यह मंदिर बनने से खिरगांव काली मंदिर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा ।इस अवसर पर मुख्य रूप से धरम प्रेमी श्रद्धानन्द सिंह,शैलेन्द्र यादव,समाजसेवी मुन्ना सिंह,प्रियंका कुमारी,कृष्णा किशोर प्रसाद,नारद पांडेय,यादव,मुंगेश्वर चौधरी, चंद्रिका साव ,रामप्रसाद, अभिमन्यु आदि सैकड़ों भक्त जन उपस्थित रहे ।उपस्थित बातों की जानकारी कोषाध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने दी ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा अर्चना हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में गणतंत्र दिवस समारोह एवं माता सरस्वती की पूजा अर्चना हर्षोल्लास संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीमान नवल किशोर कर्ण, अध्यक्ष,विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रीमान आशुतोष जी, नगर कार्यवाह ,श्रीमान अनिल पांडे जी ,विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय कोषाध्यक्ष, श्रीमान पंकज जायसवाल, सदस्य श्रीमती बबीता देवी, प्रधानाचार्य, श्रीमान विनय कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं भारत माता पूजन किया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के माननीय अध्यक्ष ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर उन्होंने 74 वें गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से भारत एक गणतंत्र देश बना है। संविधान पर चलकर ही भारत निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। आगे उन्होंने कहा कि हम सभी आज संकल्प ले की हम संविधान में बताए गए नियम पर चलकर देश हित का संकल्प लेंगे। अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्रीमान मनोज कुमार पांडे ने किया। मंच संचालन बहन रियांशी ने किया ।कार्यक्रम में विद्यालय के भैया- बहनों ने हिंदी ,संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषण तथा देश भक्ति गीत की प्रस्तुति की ।धन्यवाद ज्ञापन बहन रियांशी ने किया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ।

**कार्यक्रम** झारखंड जन कल्याण मोर्चा का हुआ गठन,सेना के रिटायर्ड जवान ने घोषणा करते हुए कहा

# मोर्चा के माध्यम से समाज के दबे,पिछड़े और अंतिम व्यक्ति को करेंगे सहयोग

- समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है
- लोगों की दयनीय स्थिति देखकर काफी दुखी हुए

राष्ट्रीय खबर



**साहिबगंज :** गणतंत्र दिवस के मौके पर शोभनपुर भट्ठा में एक कार्यक्रम आयोजित कर झारखंड जन कल्याण मोर्चा का गठन किया गया। सेना के रिटायर्ड जवान हरिराम यादव ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इसके माध्यम से लोगों की सेवा की जाएगी। उपस्थित लोगों को उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उनके हितों की रक्षा करने में सरकार और अन्य पार्टियों के जनप्रतिनिधि विफल रहे है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में उन्होंने झारखंड के कई गांव का दौरा किया और वहां वे लोगों की दयनीय स्थिति देखकर काफी दुखी हुए। फिर गहन मंथन करने के बाद उसने झारखंड जन कल्याण मोर्चा नामक एक ऐसी पार्टी का गठन करने का निर्णय लिया है जिसके माध्यम से लोगों की निस्वार्थ सेवा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक जो भी पार्टी या नेता ऐसे लोगों की सेवा करने उन तक पहुंचे हैं उनमें कहीं ना कहीं उनका स्वार्थ छिपा है। ऐसे में स्वार्थ की भावना से ऊपर उठकर झारखंड जन कल्याण मोर्चा का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सेवा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्दी वह मोर्चा का विस्तार करेंगे और इसे गांव से लेकर पंचायत स्तर तक मजबूती प्रदान करेंगे। मौके पर उपस्थित बबन यादव, विनोद यादव, राजेश गौड़, शिवनाथ मुखिया समेत दर्जनों लोगों ने सेवानिवृत्त सेना के जवान की ओर से गठित झारखंड जन कल्याण मोर्चा का समर्थन करते हुए कहा कि यह एक अच्छा विचार है ।इस मोर्चा के माध्यम से समाज के दबे कुचले और पिछड़े लोगों को निस्वार्थ मदद पहुंचाने का उद्देश्य रखा गया है। जिसमें समाज के एक ए लोगों का सहयोग अपेक्षित है।

अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के

## 60 मरीजों को पोषण आहार और युवाओं को प्रदान किए स्पोर्ट्स किट



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले बडकागांव प्रखंड गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 60 इलाजरत मरीजों के बीच चौथे चरण के पोषण किट का वितरण किया। इससे पहले इनके बीच तीन चरण के पोषण किट वितरित किए जा चुके हैं। अगले दो महीनों में शेष दो और चरणों के पोषण किट का वितरण किया जाएगा। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजनाके तहत बांटे गए इस किट में हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, दाल, चना, गुड़, मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। येसभी मरीज आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने कहा, ह्लअदाणी फॉउंडेशन का यह एक बेहतरीन प्रयास है। ऐसी कोशिशों से ही टीबी के मरीजों की संख्या में कमी लाने के प्रयासों को मदद मिलेगी। टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका समय पर उपचार करवा लिया जाए तो इससे हमेशा के लिए छुटकारा मिल सकता है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर युवाओं के बीच बांटे गए स्पोर्ट्स किट अदाणी फॉउंडेशन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुरुवार को गोंदलपुरा और गाली गांव के 18 युवाओं के बीच स्पोर्ट्स किट का वितरण किया। ग्रामीण स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवाओं के बीच बांटे गए किट में शॉकर बूट, लेग गार्ड, नी कैप, जर्सी, जैकेट, छह फुटबॉल और स्पोर्ट्स बैग आदि शामिल थे। स्पोर्ट्स किट पाकर युवाओं के चेहरे पर खुशी देखते बन रही थी। इन युवाओं में फुटबॉल और वॉलीबॉल के खिलाड़ी शामिल थे।

## सीमा सुरक्षा बल मेरू कैम्प मे गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन

राष्टीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग सीमा सुरक्षा बल मेंरू कैम्प में 74 वां गणतंत्र दिवस बडे. हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सीमा सुरक्षा बल मेरू कैम्प में दिनभर के श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों की शुरूआत प्रातः 09 बजे महानिरीक्षक द्वारा इंद्रजीत सिंह राणा, द्वारा क्वार्टर गार्ड परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया । संस्थान के क्वार्टर गार्ड में आगमन पर महानिरीक्षक इंद्रजीत सिंह राणा, को क्वार्टर गार्ड में गार्डफ ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों, व कार्मिकों ने ध्वजारोहण के उपरांत उमंग व जोश से भरे एक स्वर में राष्ट्रगान गाया । श्री इंद्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी कार्मिको को गणतंत्र दिवस की बधाई दी व समृद्ध जीवन एवम् उन्नत राष्ट्र की शुभकामनाएं दी । साथ ही स्पेशल गार्ड एवम् अन्य सभी कार्मिकों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। तदोपरांत महानिरीक्षक परिसर स्थित केन्द्रीय विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित हुए व केन्द्रीय विद्यालय में महानिरीक्षक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। छात्रों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। महानिरीक्षक श्री राणा सिंह राणा, ने अपने संदेश में कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है जिसमें अलग अलग धर्म, सम्प्रदाय के लोग रहते हैं जो भिन्न-भिन्न रंगो से इसे और भी खूबसूरत बनाते हैं।

महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए भयमुक्त वातावरण

## नए अवसरों से देश विकास में अलग कीर्तिमान करेगा स्थापित



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त चंद्र किशोर उरांव द्वारा स्थानीय न्यू स्टेडियम हजारीबाग, आयुक्त आवास व प्रमंडलीय कार्यालय, हजारीबाग में झंडोत्तोलन किया गया। आयुक्त ने राष्ट्रीय तिरंगा लहराकर व ध्वज को ससम्मान सलामी देकर कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगों का अभिनंदन किया। साथ ही गणतंत्र दिवस एवं नववर्ष की बधाई दी। अपने संबोधन में आयुक्त ने देश की सेवा में शहीद सभी वीर सपूतों को विशेष रूप से स्मरण किया जो इतिहास के पन्नों में दर्ज है उन्होंने कहा उनके त्याग एवं बलिदान के कारण ही हम एक लोकतांत्रिक गणराज्य में स्वतंत्र रूप से रह रहे हैं। देश का संविधान ही सर्वोच्च कानून, हमारा देश राजतंत्र से निकलकर एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में हुआ स्थापित। भारत आजाद होने के पश्चात तत्कालीन परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप देश के लिए बेहतरीन संविधान बनाया गया और देश संविधान ही सर्वोच्च कानून है।

## रोजगार के साथ पुनर्वास के बिना कुजामा को उजाड़ने नहीं देंगे : अरूप चटर्जी



राष्टीय खबर

**झरिया :** बीसीसीएल प्रबंधन, आउटसोर्सिंग ठेकेदार, पुलिस प्रशासन और नेता सब गठजोड़ करके लोगों को उजाड़ रहा है। उसका मकसद है कोयला चोरी करना। उक्त बातें बीसीकेयू के महामंत्री अरुप चटर्जी ने कुजामा परियोजना कार्यालय के समक्ष शुक्रवार को विस्थापन के खिलाफ आयोजित सभा में कही। कहा कि झरिया में जो दोनों घराने की राजनीति है वह एक है। यहां विकल्प चाहिए। वोट के समय हम लोग भूल जाते हैं कि कौन लोग गरीब के साथ खड़ा है। कभी इस घराना तो कभी उस घराने के हाथ में सत्ता दे देते हैं।और उसी का नतीजा है कि,आज यह सब देखने को मिल रहा है। इन लोगों का मकसद है केवल रंगदारी कायम करना, ठेकेदारी, रंगदारी और ट्रांसपोर्टिंग के लिए हैं यह गठजोड़ बना है। इसके खिलाफ हम लोगों को लड़ना होगा उदाहरण है पिछले दिनों साइडिग की लड़ाई हम लोगों ने लड़ा और जीत हासिल हुई। कुजामा में भी जब तक रोजगार के साथ लोगों का पुनर्वास नहीं होगा घर उजड़ने नहीं देंगे। उन लोगों का मकसद केवल कोयला चोरी कराना है झरिया में जो गोलीबारी हो रही है उसमें भी रंगदारी और कोयला चोरी ही है। प्रशासन फेल है। प्रशासन रंगदार के पक्ष में खड़ा है। सीटू के मानस चटर्जी ने कहा कि बीसीसीएल और भारत सरकार के नीति के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। बिना लड़ाई के कुछ भी नहीं होगा। जब तक लोगों का विस्थापन नहीं होता सडक,बिजली, पानी काटने नहीं देंगे। अध्यक्षता सबूर गोराई ने किया, संचालन शिव कुमार सिंह ने की। मौके पर गोपी कांत बक्सी, शुरेस प्रसाद गुप्ता,शुरेस पासवान,राजेश बिरूआ,आदि थे।

**पर्व** चाणक्य आईएएस एकेडमी सभागार में

# हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया सरस्वती पूजा

- गायन व अराधना के साथ पूजन कर बुद्धि व शिक्षा का वर मांगा
- मां शारदे के एक हाथ में देश की शान तिरंगा दिया गया था

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत मां सरस्वती की पूजा अर्चना की मां सरस्वती की विद्या वाणी पूजा आस्था पर महत्वपूर्ण इंसान बनने की अपना संकल्प लिया गया आस्था भाव के बीच उत्साह, उल्लास, उमंग व हर्षोल्लास से चाणक्य आईएएस एकेडमी सभागार में गुरुवार को विद्या की देवी मां शारदे की पूजा की गई। भक्तिभाव माहौल में संस्थान के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने मां सरस्वती वंदना का गायन व अराधना के साथ पूजन कर बुद्धि व शिक्षा का वर मांगा। मौके पर संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने पूरे विधि विधान से पूजा में हिस्सा लीं और विद्यार्थियों के बेहतरी को लेकर मां सरस्वती से प्रार्थना की। बता दें कि इस बार सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस एक ही दिन गुरूवार को था। ऐसे में संस्थान में मां सरस्वती की जो शानदार प्रतिमा बनाई गई थी, उसमें मां शारदे के एक हाथ में देश की शान तिरंगा दिया गया था। मौके पर मौजूद अभ्यर्थियों ने बताया कि हमलोग प्रत्येक वर्ष विद्या की देवी मां सरस्वती से विद्या और ज्ञान की प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना करते ही हैं, इस बार गणतंत्र दिवस भी एक ही दिन था, ऐसे में देशभक्ति की भावना जागृत होते रहने के उद्देश्य से मां सरस्वती के एक हाथ में तिरंगा दिया गया। वहीं संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि आस्था का अपना अलग ही महत्व है। उन्होंने कहा कि आस्था इंसान को एक बेहतर इंसान बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मां शारदे की पूजा अर्चना में संस्थान के सभी बच्चे शरीक होते हैं और पूरी आस्था के साथ पूजा में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा का विशेष महत्व है। विद्या विनय देती है। इसलिए विद्या की देवी की पूजा अर्चना भी बेहद जरूरी है। इसके बाद सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। शुक्रवार को पुनः पूजा अर्चना की गई और प्रसाद वितरण के बाद नम आंखों से मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मौके पर संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा के अलावा चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग ब्रांच मैनेजर मोहन कुमार, ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार, शिक्षक डॉ उदय भान सिंह सहित संस्थान के सभी शिक्षक, कर्मी व बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### खनन विभाग ने चौपारण एवं बरही में की कारवाई



**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार खान निरीक्षक सुनिल कुमार द्वारा गत रात्रि को कोयला,बालू,पत्थर के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध संबंधित थानो और जिला पुलिस बल के सहयोग जिले भर मे छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमे कुल 14 वाहनों को जब्त कर चौपारण थाना एवं बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज की कारवाई की गई। मौके पर 09 गाड़ी कोयला, 04 गाड़ी गिट्टी लोड, 01 गाड़ी बालू लोड पकडी गई है। जब्त वाहनो से 06 लोगो को गिरफ्तार किया गया।

### दहेज प्रथा रोकने के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



**हजरीबाग :** हजारीबाग सदर प्रखंड स्थित बैहरी पंचायत के बैहरी गांव मे दहेज प्रथा को रोकने के लिए बैहरी स्कूल के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया , बैहरी पंचायत के मुखिया पवन यादव ने कहा कि दहेज प्रथा की रोकथाम का मात्र साधन जागरूकता अभियान ही है, इसलिए इसमें सभी लोगों को संकल्प लेना होगा कि लड़का लड़की के शादी में दहेज न लेंगे न देंगे एवं दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के जिला अध्यक्ष अमरदीप कुमार ने कहा कि दहेज प्रथा पूरे समाज के लिए एक अभिशाप है,और यह प्रथा एक दीमक की तरह सभी समाज मे फैल रहा है सभी समाज को खोखला कर दे रहा है,दहेज के चलते कितने माता-पिता को अपनी जमीन जायदाद बेचना पड़ जाता है और लड़की के माता-पिता को शादी के बाद भी दहेज की मांग की जाती है,इसलिए इसको रोकने के लिए सभी समाज के नवयुवको को ,समाजसेवियों को नेताओं को एवम जनप्रतिनिधियों को संकल्प लेना पड़ेगा आगे आना पड़ेगा ,उन्होंने यह भी कहा कि दहेज प्रथा रोकने के लिए संघ के द्वारा झारखंड के अलावा देश के अन्य राज्यों मे भी यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है एवं स्कूल के प्रधाना अध्यापिका रीता देवी ने विद्यार्थियों को शादी में दहेज नहीं लेने की बात कही , जिला मंत्री रामस्वरूप महतो ने कहा कि जिस दिन सभी लोगों में जागरूकता आ जाएगी उस दिन निश्चित दहेज प्रथा खत्म हो जाएगी । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैहरी पंचायत के मुखिया सह संघ के संरक्षक पवन कुमार यादव, दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के जिला अध्यक्ष अमरदीप कुमार, जिला मंत्री रामस्वरूप महतो , समाजसेवी सुनील कुमार देव ,स्कूल के प्रधानाध्यापिका रीता देवी, शिक्षिका तारिणी रविदास, रेखा देवी ,सुगिया देवी, छोटू पासवान ,अर्जुन रजक, प्रभावती कुमारी ,मोनिका कुमारी एवं विद्यार्थी गण शामिल हुए ।

### आर्ष कन्या गुरुकुल में मनाया गया गणतंत्रता दिवस समारोह

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के नवाबगंज, महर्षि दयानंद मार्ग स्थित महर्षि दयानंद वेद वेदांग विद्यापीठ आर्ष कन्या गुरुकुल में पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक देश के 74 वें गणतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए और झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दिया। आर्ष कन्या गुरुकुल के बच्चों ने पारंपारिक तरीके से परेड किया और हैरतअंग्रेज कला कौशल का प्रदर्शन किया। गुरुकुल के निदेशक आचार्य कौटिल्य के नेतृत्व में हर्ष अजमेरा का तिलक-चंदन लगाकर और अंग- वस्त्र भेंटकर भव्य स्वागत किया गया । गुरुकुल के बच्चों को संबोधित करते हुए हर्ष अजमेरा ने कहा की सबसे पहले गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उसके बाद उन्होंने कहा की देश का 74 वां गणतंत्र दिवस मनाने के लिए हम सभी यहां एकत्र हुए हैं। 26 जनवरी के ही दिन भारत में संविधान लागू हुआ था। संविधान सभी देशवासियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों से रूबरू कराता है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इसे तैयार होने में 2 साल 11 महीने 18 दिन का समय लगा। इसे बनाने में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की सबसे अधिक भूमिका रही। यही कारण है कि उन्हें भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम करता है। इसके साथ ही सभी नागरिकों को कानून के सामने एक समान होने का अधिकार भी प्रदान करता है। हम सभी को देश के गौरव का प्रतीक संविधान के विषय में जानकारी अवश्य प्राप्त करना चाहिए और संविधान द्वारा प्राप्त अधिकारों एवं कर्तव्यों को जानकर उसका अक्षरस पालन करना चाहिए।

### 74वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया




**हजारीबाग :** हजारीबाग एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में 74वां गणतंत्र दिवस बडे.ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना प्रमुख श्री बिश्व मोहन सिंह नें कायार्पालकों व कर्मचारियों तथा संविदा कमीर्यों की उपस्थिति में तिरंगा ध्वजा रोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख सिंह नें अपने सम्बोधन में भारतीय इतिहास की पराकाष्ठा का यशोगान करते हुए, उन्होनें भारतीय संविधान लागु होने की प्रक्रिया व संविधान के महत्व बता कर सभी कार्यपालकों व कर्मचारियों को जागरूक किया। सिंह बताते है कि संविधान के सृजन से ही देश की आजादी का मूल लक्ष्य हमने हासिल किया है। इस वर्ष 74वां गणतंत्र दिवस आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में प्रगतिशील आजाद भारत के 75 साल के गौरवशाली इतिहास और भारत के लोगों की विभिन्न संस्कृतियों और उपलब्धियों को मनाने एवं जी-20 में भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत मनाया गया है ।इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में तिरंगा रूपी गुब्बारे भी आकाश में छोड़े गए। परियोजना प्रमुख ने सभी ग्रामीणों, स्थानीय प्रशासन, कर्मचारियों, पत्रकारों एवं विभागाध्यक्षों को बधाई एवं धन्यवाद दिया। संबोधन में परियोजना प्रमुख ने केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजनाओं की उपलब्धियां व भविष्य में आने वाली गतिविधियों के लिए कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया। एनटीपीसी की सुरक्षा में लगे एस.आई.एस.एफ के जवानों को इस अवसर पर शुभकामनाएँ भी दीं ।गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविदा कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस गणतंत्र दिवस समारोह में केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के अपर-महाप्रबंधक, उपमहाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। समारोह में कर्मचारियों द्वारा कोरोना प्रोटोकॉल का भी पालन किया गया था।

### लोकतांत्रिक व्यवस्था में सदैव अपना योगदान दें : प्रवीण श्रीनिवास

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में दिन गुरूवार को 74 वां गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास एवं उनकी धर्मपत्नी रोली गुप्ता ने संयुक्त रूप से परिसर में झंडोत्तोलन किया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी देकर राष्ट्रगान गाकर माँ भारती के चरणों में नमन-वंदन किया। झंडोत्तोलन के बाद छात्र- छात्राओं के द्वारा राष्ट्रप्रेम गीत की प्रस्तुति दी गई। कॉलेज में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों ने देशप्रेम की अनुठी प्रस्तुति दी। सुरक्षा कर्मियों ने झंडोत्तोलन के बाद व पूर्व आकाशीय फायरिंग भी की। इस मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा एक साथ मनाया जा रहा है।

## न्यूज फटाफट

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन करियर के आखिरी ग्रैंड स्लैम में हार के साथ सानिया का सपना टूटा



**मेलबर्न :** सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की भारतीय जोड़ी को ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल के फाइनल में शुक्रवार को ब्राजील की लुइसा स्टेफनी और राफेल माटोस से हारकर टूर्नामेंट में दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। ब्राजीलियाई जोड़ी ने सानिया और बोपन्ना को रॉड लेवर एरिना पर 6-7 (2), 2-6 से मात दी। सानिया अपने करियर का आखिरी ग्रैंड स्लैम मुकाबला खेलने उतरीं मगर ब्राजीलियाई जोड़ी ने पहले सेट के टाईब्रेकर में 3-0 की बढ़त ले ली। सानिया और बोपन्ना ने स्कोर 2-3 पर लाकर वापसी की, मगर भारतीय जोड़ी लगातार दो ओवरहेड्स से चूकी, जिसमें सेट पॉइंट भी शामिल था। स्टेफनी और माटोस ने दूसरे सेट के चौथे गेम में सानिया की सर्विस तोड़कर 3-1 से बढ़त बना ली। जब सानिया मैच में बने रहने के लिये सर्विस कर रही थीं तब भी ब्राजीलियाई जोड़ी ने उनकी सर्विस तोड़ी और मैच सीधे सेटों में जीत लिया। इस हार के साथ सानिया का दूसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन का मिश्रित युगल खिताब जीतने का सपना टूट गया। यह सानिया के करियर का अंतिम ग्रैंड स्लैम मैच था। भारत की 36 वर्षीय टेनिस सनसनी ने अगले महीने दुबई मास्टर्स के बाद खेल से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने 2009 में हमवतन महेश भूपति के साथ मेलबर्न में मिश्रित युगल का खिताब अपने नाम किया था। वह इसके अलावा पांच ग्रैंड स्लैम जीत चुकी हैं जिनमें से दो मिश्रित युगल में आये हैं। सानिया ने मैच के बाद कहा, ''मेरी पेशेवर यात्रा 2005 में मेलबर्न में ही शुरू हुई थी। मेरे लिये अपने करियर को समाप्त करने के लिये इससे बेहतर जगह और कोई नहीं हो सकती थी।'' उल्लेखनीय है कि स्टेफनी और माटोस ऑस्ट्रेलियाई ओपन का मिश्रित युगल खिताब जीतने वाली पहली ब्राजीलियाई जोड़ी है।

### इंडोनेशिया ओपनः जॉनथन से हारकर लक्षय बाहर



**जकार्ता :** भारतीय युवा सनसनी लक्षय सेन इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में शुक्रवार को मेज़बान देश के जॉनथन क्रिस्टी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। क्रिस्टी ने 62 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए लक्षय को 15-21, 21-10, 21-13 से मात दी। पहला गेम जीतने के बाद लक्षय ने दूसरे गेम में अपनी ऊर्जा बचाते हुए जॉनथन को जीतने का मौका दिया। जॉनथन ने तीसरे गेम में ब्रेक तक सिर्फ 11-9 की बढ़त ली थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने भारतीय प्रतिद्वंदी को ज्यादा मौके दिये बिना 21-13 से गेम और मैच दोनों जीत लिये। लक्ष्य की हार के साथ पुरुष एकल प्रतियोगिता में भारत का सफर समाप्त हो गया। एच एस प्रणय, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत पहले चरण में ही बाहर हो गये थे। तनीषा क्रेस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी कुछ देर में महिला युगल क्वार्टरफाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

**विजय** पार्शवी चोपड़ा की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद

# न्यूजीलैंड को रौंद कर भारत अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में

▶▶ 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर 110 रन बनाते हुये विजयी लक्ष्य हासिल किया

**एजेंसियां**






**पोचेफस्ट्रूम :** पार्शवी चोपड़ा (20 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद श्वेता सेहरावत (61 नाबाद) और सौम्या तिवारी (22) की आतिशी पारी की बदौलत भारत ने महिला टी-20 अंडर-19 विश्वकप के सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से रौंद कर शान के साथ फाइनल में प्रवेश किया। सेनवेस पार्क में न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 107 रन बनाये। जवाब में भारतीय लड़कियों ने 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर 110 रन बनाते हुये विजयी लक्ष्य हासिल किया।

पाशर्वी ने अपनी फिरकी में न्यूजीलैंड को फंसाते हुए चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिये। इसके अलावा टिटास साधू, मन्नत कश्यप, सोनम यादव और अर्चना देवी के अलावा कप्तान शेफाली वर्मा ने एक-एक सफलता हासिल की। न्यूजीलैंड के लिये जॉर्जिया प्लिमर और इज़ाबेला गेज़ के अलावा कोई भी बल्लेबाज विकेट पर समय नहीं बिता सका। प्लिमर ने 32 गेंद पर दो चौकों के साथ 35 रन बनाये जबकि इज़ाबेला ने 22 गेंदों पर चार चौकों की बदौलत 26 रन का योगदान दिया। कप्तान इज़ी शार्प ने 13 रन बनाये जबकि न्यूजीलैंड के अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने शेफाली वर्मा (10) का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन इसके बाद सेहरावत ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से कीवी टीम पर कहर बरपाया। सेहरावत ने 45 गेंदों पर 10 चौकों के साथ 61 रन बनाये और सौम्या तिवारी (26 गेंदें, 22 रन, तीन चौके) के साथ 62 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की। सौम्या लक्ष्य के करीब आकर एना ब्राउनिंग (18/2) का शिकार हो गयीं, जिसके बाद सेहरावत ने विजयी चौका लगाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत का सामना रविवार को होने वाले फाइनल में इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया में से किसी एक से होगा।

## जोकोविच और सितसिपास ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में

**एजेंसियां**



**मेलबर्न:** सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच और यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने शुक्रवार को अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के फाइनल में जगह बना ली। सितसिपास ने रॉड लेवर एरिना पर तीन घंटे 21 मिनट चले रोमांचक मुकाबले में कैरेन खचानोव को 7-6(2), 6-4, 6-7(6), 6-3 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनायी। अपना 10वां ऑस्ट्रेलियाई ओपन और 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब तलाश रहे जोकोविच ने अमेरिका के टॉमी पॉल को 7-5, 6-1, 6-2 के सीधे सेटों में मात दी। विश्व नंबर एक बनने की कगार पर खड़े सितसिपास सीधे सेटों में लगातार पांचवीं जीत दर्ज कर सकते थे लेकिन तीसरे सेट में खचानोव की दमदार वापसी ने मुकाबले को रोमांचक बना दिया। खचानोव ने तीसरे सेट में 4-5 से पिछड़ने के बाद मैच जीतने के सितसिपास के प्रयास को नकार दिया, और टाई-ब्रेकर लगातार चार पॉइंट स्कोर करते हुए मुकाबले को चौथे सेट में पहुंचा दिया। सितसिपास ने हालांकि चौथे सेट में 3-0 की शुरुआती बढ़त लेने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। सितसिपास ने मैच के बाद कहा, मैंने सोचा कि यहां तक आने के लिये मैंने कितनी मेहनत की है, और इसमें अभी भी थोड़ी मेहनत लगेगी। मैं तीसरे सेट में वह नहीं दे सका जब मैं इसे पाने के बेहद करीब था।

### रोमांचक मुकाबला जीतकर 13 साल बाद फाइनल में जर्मनी

**भुवनेश्वर:** दो बार की विश्व चैंपियन जर्मनी ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक सेमीफाइनल में शुक्रवार को तीन बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये सांस रोक देने वाले मुकाबले में जेरेमी हेवर्ड (11वां), नेथन एफरॉम्स (26वां) और ब्लेक गोवर्स (57वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया के गोल किये। विजेता टीम के लिये गोंज़ालो पेलेट (42वां, 51वां, 58वां मिनट) ने तीन गोल किये, जबकि निकलास वेलेन ने 60वें मिनट में निर्णायक गोल करके जर्मनी को 13 साल बाद फाइनल में पहुंचाया।

## इंडोनेशिया ओपन में खत्म हुआ भारत का सफर

**एजेंसियां**



**जकार्ताः** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो की भारतीय महिला युगल जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में मिली हार के बाद शुक्रवार को इंडोनेशिया ओपन 2023 में भारत का सफर समाप्त हो गया। जापान की युकी फुकुशीमा और सयाका हिरोता ने 44 मिनट चले महिला युगल क्वार्टरफाइनल में भारतीय जोड़ी को 21-13, 21-18 से मात दी। इससे पूर्व, भारतीय युवा सनसनी लक्ष्य सेन क्वार्टरफाइनल में मेज़बान देश के जॉनथन क्रिस्टी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये थे। क्रिस्टी ने 62 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए लक्ष्य को 15-21, 21-10, 21-13 से मात दी। पहला गेम एकतरफा रूप से हारने के बाद अश्विनी-तनीषा ने दूसरे गेम में अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर दी। जब स्कोर 17-17 पर बराबर था तब जापानी जोड़ी ने लगातार तीन पॉइंट स्कोर करके गेम पॉइंट हासिल किया। भारतीय युगल ने एक पॉइंट स्कोर करके मैच में वापसी करना चाही लेकिन यह सिर्फ उनकी हार के अंतर को कम कर सका।

# जैकलीन फर्नांडीस को दिल्ली की अदालत से मिली विदेश जाने की अनुमति

एजेंसियां



**नयी दिल्लीः** दिल्ली की एक अदालत ने सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े दो सौ करोड़ रुपये के धनशोधन मामले के आरोपियों में से एक बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस को शुक्रवार को पेप्सिको इंडिया सम्मेलन में भाग लेने के लिए दुबई जाने की अनुमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने जैकलीन के वकील और प्रवर्तन निदेशालय की ओर से आवेदन पर दलीलें सुनने के बाद एक करोड़ रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट की शर्त पर 27 से 30 जनवरी तक यात्रा करने के जैकलीन के आवेदन की अनुमति दी और उन्होंने अभिनेत्री को लौटने के बाद अदालत में रिपोर्ट करने का भी निर्देश दिया। जैकलीन इस शर्त पर नियमित जमानत पर हैं कि वह अदालत की अनुमति के बिना देश छोड़कर नहीं जाएंगी। उनके वकील ने आवेदन के माध्यम से अदालत से अनुरोध किया कि जैकलीन हमेशा जांच में शामिल हुई है और वह न्याय के हित में किसी भी शर्त का पालन करने के लिए तैयार है। ईडी ने जैकलीन के आवेदन का जोरदार विरोध किया और कहा कि मामले की सुनवाई अपने महत्वपूर्ण चरण में है इसलिए, उनका आवेदन खारिज किया जाए। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जिस पर रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड में धन की कथित हेराफेरी से संबंधित मामले में अक्टूबर 2019 को गिरफ्तार किये गये रेलिगेयर एंटरप्राइजेज के पूर्व प्रमोटर शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह को धोखा देने और जबरन वसूली करने का आरोप है। आरोप है कि चंद्रशेखर और उसके साथियों ने अदिति को खुद को सरकारी अधिकारी बताकर उसके पति को जमानत दिलाने का झांसा देकर उससे रिश्वत ली। चंद्रशेखर और उनकी पत्नी लीना मारिया पॉल को दिल्ली पुलिस ने धोखाधड़ी मामले में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया कि मुंबई की पिंकी ईरानी चंद्रशेखर की करीबी सहयोगी है।

## 11 अगस्त को रिलीज होगी सन्नी देओल की गदर 2

**एजेंसियां**




**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की आने वाली फिल्म गदर 2, 11 अगस्त को रिलीज होगी। अनिल शर्मा के निर्देशन में बन रही सन्नी देओल - अमीषा पटेल की आने वाली फिल्म 'गदर 2' फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' का सीक्वल है। सन्नी देओल ने फिल्म गदर 2 का पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। सन्नी देओल ने 'गदर 2' का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ''हिंदुस्तान जिंदाबाद है, जिंदाबाद था और जिंदाबाद रहेगा। 'गदर 2' इस साल 11 अगस्त को रिलीज होने वाली है।'' उल्लेखनीय है कि सन्नी देओल ने वर्ष 2001 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' में सिख तारा सिंह की कहानी थी, जिसे एक पाकिस्तानी मुस्लिम लड़की सकीना से प्यार हो जाता है। उत्कर्ष शर्मा, जिन्होंने फिल्म गदर में सनी और अमीषा के बेटे जीते की भूमिका निभाई थी, अगली कड़ी में भी अपनी भूमिका दोहराते हुए नजर आएंगे।

## सामंथा रुथ प्रभु ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो

**एजेंसियां**



**मुंबईः** दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। सामंथा रुथ प्रभु ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह वर्कआउट करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो में सामंथा पुल अप्स करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर यूजर्स उनकी तारीफ कर रहे हैं। सामंथाने अपने मचअवेटेड प्रोजेक्ट ह्यसिटाडेलह्व पर काम शुरू कर दिया है। शूटिंग से लंबा ब्रेक लेने के बाद सामंथा ने वरुण धवन के साथ सिटाडेल की शूटिंग शुरू कर दी है। सामंथा जल्द ही रोमांटिक ड्रामा फिल्म कुशी में विजय देवरकोंडा के साथ नजर आएंगी।

## संजय दत्त और अरशद वारसी की जोड़ी फिर मचायेगी धूम

**एजेंसियां**



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त और अरशद वारसी की सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर से सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाती नजर आयेगी। संजय दत्त और अरशद वारसी ने ह्यमुन्ना भाई एमबीबीएस' और ' लगे रहो मुन्ना भाई' में साथ काम किया है।संजय दत्त और अरशद वारसी एक बार फिर धूम मचाती नजर आयेगी। सोशल मीडिया पर संजय दत्त और अरशद वारसी की जेल में कैदी बने पिक्स सामने आयी है। संजय दत्त ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस से कहा कि ''हमारा इंतजार आपसे ज्यादा लंबा हो गया है, लेकिन आखिरकार ये प्रतीक्षा खत्म हो गई है, मेरे भाई @अरशदवारसीके साथ एक और रोमांचक फिल्म के लिए एक साथ आ रहे हैं ... आपको दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता, बने रहें!'' वहीं अरशद वारसी ने संजय दत्त के साथ फिर से हाथ मिलाने को लेकर भी एक्साइटमेंट दिखाया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, ''आखिरकार, यह हो रहा है! मेरे भाई संजय दत्त के साथ एक और एंटरटेनिंग फिल्म के लिए टीम बना रहे हैं और हमारा इंतजार आपसे ज्यादा लंबा है ह्वयह फिल्म सिद्धांत सचदेव द्वारा निर्देशित और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स बैनर तले निर्मित होगी।''

## प्रदेश >> अपडेट

**बेकाबू कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत**
**अलवर :** अलवर के किथुर स्टैंड के पास बेकाबू कार की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक सुल्तान प्रजापत निवासी किथुर गांव का रहने वाला था और वह बेलदारी का कार्य करता था। मृतक सुल्तान बेलदारी का काम खत्म कर अपने गांव किथुर लौट रहा था तभी किथुर बस स्टैंड के समीप सामने से आ रही तेज गति में कार ने उसको टक्कर मार दी जिसमें उसकी मौत हो गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**लोहे से भरा ट्रक पलटने से चालक समेत दो की मौत**
**बैतूल :** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में लोहे से भरा ट्रक पलट जाने से ट्रक चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। चालक की पत्नी के अलावा तीन बच्चे घायल हैं। चिचोली पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि कल देर शाम लोहे की सरिया लेकर खरगोन जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर लेड़दा घाट की गहरी खाई में गिर कर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक रियाज खान और क्लीनर सादिक खान की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक सादिक की ससुराल बैतूल में है। वह अपनी पत्नी आमरीन एवं बच्चे कादिर और आबदा एवं अन्य एक बच्चे को ट्रक में बिठाकर बैतूल से अपने घर खरगोन जा रहा था।

**देश में कोरोना से स्वस्थ होने वालों की संख्या में हुई वृद्धि**
**नयी दिल्ली :** देशभर में राहत की बात यह है कि पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण से 108 मरीज ठीक हुए हैं, जिससे इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,49,802 हो गयी है। स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.36 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**नहर से पानी लेने के विवाद पर हुई हत्या**
**सिवनी :** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में सुबह नहर से पानी अपने खेत में लेने के मामले में हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या हो गई। बंडोल थाना प्रभारी दिलीप पंचेश्वर ने बताया कि सुबह ग्राम सागर निवासी हृदयराम सनोडिया का गांव के ही निवासी मंगल सनोडिया व नीरज सनोडिया के साथ विवाद हो गया। इस घटना में हृदयराम पर दोनों आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल हृदयराम को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बंडोल पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया।

**राज्य में संगठन और सत्ता में बेहतर तालमेल है : डोटासरा**
**अजमेर :** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा ने कहा है कि राज्य में संगठन और सत्ता में बेहतर तालमेल है तथा पार्टी कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव में जुट जाएं। अजमेर में संगठन के संभाग स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन में राजस्थान प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा के साथ पहुंचे डोटासरा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में सत्ता और संगठन बेहतर तालमेल के साथ काम कर रहे है। चुनाव के दृष्टिगत संगठन को मजबूत करने के लिये कार्यकर्ताओं को एकजुट करना सम्मेलन का मकसद है। उन्होंने कहा कि सरकार की फ्लैगशीप योजनाओं का लाभ गरीब और जरूरतमंद को मिले इसके लिये कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना है। डोटासरा ने कहा कि सरकार की योजनाओं से प्रदेश की जनता में संतुष्टी है और सरकार के प्रति सकारात्मक सोच है। इसका लाभ कांग्रेस को चुनावों में मिलेगा।

**कार्यक्रम**

### केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने कहा

# मोदी की मालासेरी यात्रा पूरी तरह से राजनीति विहीन है : मेघवाल


- प्रधानमंत्री सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की उन्नति में विश्वास रखते हैं
- विश्वास जताया कि यह सर्किट जल्द बनाया जायेगा

एजेंसियां



**भीलवाड़ा :** केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालासेरी यात्रा पूरी तरह से राजनीति विहीन है। इसे राजनीति से नहीं जोड़ा जाना चाहिये। मेघवाल ने यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की उन्नति में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली से वायुयान से रवाना होकर उदयपुर पहुंचेंगे, जहां से वे हैलीकॉप्टर द्वारा 11 बजे बाद मालासेरी डूंगरी स्थित हैलीपेड पहुंचेंगे। जहां से वे, भगवान देवनारायण की प्राकाट्य स्थली मालासेरी में नीम का पौधा लगायेंगे। बाद में भगवान देवनारायण और साडूमाता के दर्शन करेंगे। मोदी इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी दोपहर एक बजे तक यहां रहने का कार्यक्रम है। इसके बाद वे हैलीकॉप्टर से पुनः उदयपुर और वहां से वायुयान से दिल्ली रवाना होंगे। मेघवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा कि देवनारायण सर्किट बनाने की योजना है। इसके लिए गुजराज और मध्यप्रदेश के साथ ही राजस्थान के मुख्य सचिवों से बातचीत चल रही है। इन तीनों राज्यों में देवनारायण के स्थान है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सर्किट जल्द बनाया जायेगा। आसींद में सर्किट बनाने के संबंध में मेघवाल ने कहा कि यहां देवनारायण, सवाईभोज, बंक्यारानी सहित अन्य दस किलोमीटर के दायरे में आने वाले धर्मस्थलों को जोड़कर इनके विकास की भी योजना है। संभावना है कि प्रधानमंत्री मोदी इसकी घोषणा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की यात्रा को राजनीति से नहीं जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह सांस्कृतिक यात्रा पर आ रहे हैं, इसे राजनीतिक यात्रा से नहीं जोड़ें। उन्होंने पत्रकारों द्वारा अलग-अलग तरीकों से गुर्जरों को लेकर सवाल किया कि भाजपा से जोडने् का यह प्रयास है। तो उन्होंने हर सवाल के जवाब में कहा कि इसे राजनीति से नहीं जोड़ें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजनीति के बारे में कोई सवाल है तो प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया से करें।

## गुणवत्ता युक्त और सस्ती दवा से आम आदमी को लाभ होगा : मांडविया



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** देश में गुणवत्ता युक्त और सस्ती दवा विकसित करने पर जोर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि इससे आम आदमी को लाभ होगा। डॉ. मांडविया ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल्स के जैविक दवाओं की गुणवत्ता पर एक सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि जैविक दवाएं पारंपरिक रासायनिक दवाओं के साथ चिकित्सा के विकल्प के रूप में उभरी हैं। कोविड महामारी के कारण पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा आपातकाल ने देखा है कि भारतीय बायोफार्मा और डायग्नोस्टिक उद्योग ने न केवल देश बल्कि विश्व स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आवश्यकता को पूरा किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन देश के बायोफार्मास्यूटिकल्स और इन-विट्रो डायग्नोस्टिक उद्योग के बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकियों को उन्नत करने में मदद करेगा और विश्व स्तरीय उत्पादों को विकसित करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की क्षमता बढ़ाएगा। उन्होंने बायोफार्मा क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता को महसूस करने और राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम की दिशा में पहल करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि उद्योग, शिक्षा और नियामक नेटवर्क को नई जैविक दवाओं के स्वदेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना होगा, जिसमें दुर्लभ और उपेक्षित बीमारियों के इलाज के लिए मौजूदा दवाएं, जीन थेरेपी, स्टेम सेल थेरेपी और व्यक्तिगत दवाओं जैसे नए उत्पाद श्रेणियों पर नवाचार शामिल हैं।

## आरक्षक पुलिस बल की आंख और कान : शिवराज



एजेंसियां

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के नवआरक्षकों को सीख देते हुए कहा कि आरक्षक पुलिस बल की आंख-नाक हैं और सभी ऐसा काम करें कि लोग उनके नाम का उदाहरण दें। चौहान ने नवनियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा भी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यदि हम अपना कार्य प्रमाणिकता से करते हैं, तो सब सम्मान करते हैं। कई एसपी, पुलिस कॉन्स्टेबल, हेड कॉन्स्टेबल, एसआई, एएसआई के लोग उदाहरण देते हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षक ऐसा काम करें कि लोग उनके नाम का उदाहरण दें। उन्होंने आरक्षकों को सीख देते हुए कहा कि संवेदनशीलता, वीरता, देशभक्ति और अनुशासन ही मध्यप्रदेश पुलिस की पूँजी है, जिसने मध्यप्रदेश पुलिस का स्थान बनाया है। आरक्षक इसे बिगड़ने नहीं दें और वर्दी की मर्यादाओं को कभी ना भूलें। आरक्षक पुलिस बल की नींव हैं।

### 106 पद्म पुरस्कारों का एलान


## मुलायम सिंह यादव-जाकिर हुसैन और एसएम कृष्णा को पद्म विभूषण



एजेंसियां

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति ने 2023 के लिए 106 पद्म पुरस्कारों के लिए मंजूरी दी है। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं। सात लोगों को मरणोपरांत इस सम्मान के लिए चुना गया है।2023 के लिए राष्ट्रपति ने तीन युगल मामलों सहित 106 पद्म पुरस्कारों को प्रदान करने की मंजूरी दी है। सूची में 6 पद्म विभूषण, 9 पद्म भूषण और 91 पद्म शामिल हैं। 19 पुरस्कार विजेता महिलाएं हैं। सूची में विदेशी की श्रेणी के 2 और 7 लोगों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया जाएगा। दिवंगत सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव, संगीतकार जाकिर हुसैन, दिवंगत ओआरएस अग्रणी दिलीप महालानबिस और एस एम कृष्णा पद्म विभूषण प्राप्त करेंगे।

## भ्रष्टाचार के आरोपी निलंबित डीएफओ किशन चंद की बढ़ी मुश्किलें



एजेंसियां

**नैनीताल :** उत्तराखंड में कार्बेट पार्क के कालागढ़ वन प्रभाग में अवैध निर्माण व वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में जेल में बंद वन सेवा के पूर्व अधिकारी व निलंबित प्रभागीय वनाधिकारी किशन चंद की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। उच्च न्यायालय ने आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई से फिलहाल इनकार कर दिया है। कार्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के कालागढ़ वन प्रभाग के पाखरो व मोरघट्टी में पेड़ों के अवैध पातन व अनियमितताओं की जांच प्रदेश का सतर्कता (विजिलेंस) महकमा कर रहा है। विजिलेंस की ओर से मुख्य आरोपी तत्कालीन प्रभागीय वनाधिकारी को गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया गया है। आरोपी पिछले कुछ समय से जेल में बंद है। आरोपी की ओर से उच्च न्यायालय में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया। आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र पर विगत 24 जनवरी को सुनवाई होनी थी लेकिन न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की एकलपीठ (वेकेशन कोर्ट) ने मामले को सुनने से मना कर दिया। इसके बाद यह मामला एक दिन बाद 25 जनवरी को सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति शरत कुमार शर्मा की पीठ में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया लेकिन कोर्ट ने भी इस मामले को सुनने से इनकार कर दिया। अब इस मामले में अगले सप्ताह नयी बेंच में सुनवाई हो सकेगी। तब तक आरोपी किशन चंद को सलाखों के पीछे ही रहना पड़ेगा। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह न्यायालय ने आरोपी किशन चंद के शार्ट टर्म जमानत प्रार्थना पत्र को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र निचली अदालत में लंबित है। विजिलेंस की ओर से किशन चंद और अन्य आधे दर्जन लोगों के खिलाफ हल्द्वानी में भ्रष्टाचार, वन संरक्षण अधिनियम के अलावा भारतीय वन अधिनियम जैसे संगीन मामलों में अभियोग पंजीकृत किया है। साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

**योजना**

### सिंधु जल संधि में संशोधन को लेकर

# भारत ने पाकिस्तान को दिया नोटिस

- तटस्थ विशेषज्ञ की नियुक्ति का अनुरोध किया था
- 90 दिनों के भीतर अंतर-सरकारी बातचीत में शामिल होने का अवसर

एजेंसियां



**नयी दिल्ली :** भारत ने 62 साल पुरानी सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की मनमानी और विश्व बैंक द्वारा प्रावधानों के उल्लंघन से उपजी परिस्थिति में संधि को संशोधित किये जाने संबंध में पाकिस्तान को एक नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने यहां बताया कि पाकिस्तान के मनमाने व्यवहार के कारण भारत ने यह कदम उठाया है। सितंबर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि में संशोधन को लेकर बुधवार 25 जनवरी को सिंधु जल संधि के तहत भारतीय आयुक्त ने पाकिस्तानी समकक्ष को संधि के अनुच्छेद 7 (3) के तहत नोटिस भेजा है। सूत्रों ने कहा कि इस संशोधन का मकसद पाकिस्तान को सिंधु जल संधि के उल्लंघन को सुधारने के लिए 90 दिनों के भीतर अंतर-सरकारी बातचीत में शामिल होने का अवसर प्रदान करना है। इस प्रक्रिया में बीते 62 वर्षों में अनुभवों एवं सबकों को भी संधि में स्थान देना है। सूत्रों के अनुसार भारत सिंधु जल संधि के उसकी पूरी भावना के साथ क्रियान्वयन के लिए हमेशा से एक जिम्मेदार साझीदार एवं सतत समर्थक रहा है। हालांकि पाकिस्तान का व्यवहार एवं कार्यकलाप संधि के प्रावधानों के विपरीत रहे हैं और इससे भारत को संधि में संशोधन के लिए एक समुचित नोटिस जारी करने के लिए विवश होना पड़ा है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान ने वर्ष 2015 में भारत की किशनगंगा और रातले जलविद्युत परियोजनाओं पर तकनीकी आपत्तियों की जांच के लिए एक तटस्थ विशेषज्ञ की नियुक्ति का अनुरोध किया था। वर्ष 2016 में पाकिस्तान एकतरफा ढंग से अपने अनुरोध से पीछे हट गया और अपनी आपत्तियों के निस्तारण के लिए एक न्यायाधिकरण के माध्यम से मध्यस्थता कराने का प्रस्ताव लेकर आया।

## न्यूज फटाफट

**अमेरिकी हमले में सोमालिया में आईएस के प्रमुख आतंकवादी की मौत**
**वाशिंगटन :** सोमालिया के उत्तरी इलाके में गुरुवार रात हुए अमेरिकी हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक प्रमुख आतंकवादी की मौत हो गई। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा,''राष्ट्रपति जो बाइडन के आदेश पर कल रात अमेरिकी सेना ने उत्तरी सोमालिया में एक अभियान चलाया, जिसमें आईएसआईएस के वैश्विक नेटवर्क के प्रमुख सदस्य और समन्वयक बिलाल अल-सूडानी समेत आईएसआईएस के 10 अन्य सदस्य भी मारे गए।'' अधिकारी के अनुसार, इस अभियान में न ही कोई अमेरिकी और न ही आम लोग हताहत हुए जबकि अल-सूडानी समेत आईएस के 10 अन्य सहयोगी मारे गए। अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी सैन्य बल इस अभियान में अल-सूडानी को पकड़ने वाले थे, लेकिन हमले के कारण अंतत उसकी मौत हो गई।

**जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बाहर विस्फोट की दी सूचना**
**वियना :** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के विशेषज्ञों ने फिर से यूक्रेन के शहर जापोरिज्जिया स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र के क्षेत्र में शक्तिशाली विस्फोटों की सूचना दी है। आईएईए द्वारा जारी एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने,जापोरिज्जिया में स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बाहर शक्तिशाली विस्फोट हो रहे हैं। आईएईए के अनुसार,''कुछ विस्फोट जाहिरा तौर पर यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) से कुछ दूरी पर हो रहे हैं, जबकि अन्य संयंत्र के बहुत करीब लगते हैं। कल, स्थानीय समय के अनुसार लगभग 10 बजे आठ शक्तिशाली विस्फोटों को सुना गया, जिससे संयंत्र में कार्यालय की खिड़कियां कंपन करने लगीं।

**जापान ने रूस के 22 व्यक्तियों,तीन कंपनियों की सम्पत्ति को जब्त की**
**टोक्यो :** जापान ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के मद्देनजर शुक्रवार को रूस के 22 व्यक्तियों और तीन कंपनियों की संपत्तियों की सम्पत्ति को जब्त कर लिया। इस आशय की जानकारी जापान के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर दी गयी है। विदेश मंत्रालय ने कहा, सम्पत्ति जब्त करने के उपाय: उपाय (1) और (2) विदेश मंत्रालय के नोटिस (27 जनवरी को घोषित) रूसी संघ के व्यक्तियों और संस्थाओं (22 व्यक्तियों और 3 संस्थाओं) के लिए प्रभावी होंगे। जिन लोगों की सम्पत्तियां जब्त की गयी है, उनके बारे में जापान का मानना है कि इन्होंने क्रीमिया के स्वायत्त गणराज्य और सेवस्तोपोल शहर या यूक्रेन के पूर्वी हिस्से की अस्थिरता के साथ-साथ यूक्रेन के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र में रूस की कार्रवाई में शामिल हैं। जिन लोगों की सम्पत्तियां जब्त की गयी हैं, उनमें रूसी बच्चों की लोकपाल मारिया ल्वोवा-बेलोवा, उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल मिखाइल मिजिंटसेव, उप प्रधानमंत्री एंड्री बेलौसोव, उप प्रधानमंत्री दिमित्री चेर्नीशेंको, न्याय मंत्री कोंस्टेंटिन चुयचेंको, रूस के चुनाव आयोग के प्रमुख एला पैम्फिलोवा और रूस के सिविक चैंबर में सार्वजनिक निरीक्षण समन्वय केंद्र के उपाध्यक्ष अलेक्जेंडर माल्केविच शामिल हैं। इस सूची में ट्रकों, बसों और इंजनों के रूसी निर्माता कामाज, इरकुट विमान निर्माता, और मास्को स्थित मिसाइल निर्माता एवं आपूर्तिकर्ता अवांगार्ड भी शामिल है। जापान ने 49 रूसी संस्थाओं पर वस्तुओं का निर्यात करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही दोहरे उपयोग वाली उन वस्तुओं के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है जो सैन्य क्षमता के विकास में योगदान दे सकते हैं।

**दक्षिणी इजरायल में हवाई हमले की चेतावनी जारी : रक्षा बल**
**यरुशलम :** इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिणी इजरायल में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गयी है। आईडीएफ ने ट्वीट कर कहा, दक्षिणी इजरायल में सायरन बज रहे हैं। आईडीएफ ने कहा कि देश के एरियल डिफेंस एरे ने गाजा पट्टी से दागे गए दो रॉकेटों को मार गिराया है। उल्लेखनीय है कि वेस्ट बैंक शहर जेनिन में फिलिस्तीनियों और इजरायली सैनिकों के बीच झड़पों के बाद रॉकेट हमला हुआ, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 10 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।

**बाइडेन ने लोगों से की शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने की अपील**
**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लोगों से शांतिपूर्ण विरोध का आह्वान किया और हिंसा के कृत्यों की निंदा की है। बाइडेन का यह बयान 29 वर्षीय अश्वेत व्यक्ति टायर निकोल्स की मौत में पांच अधिकारियों के होने की बात सामने आने के बाद आया है। उल्लेखनीय है कि एक श्रेष्ठ जूरी ने गुरुवार को पांच मेम्फिस अधिकारी (सभी अश्वेत पुरुष हैं) को दूसरी डिग्री की हत्या से लेकर अपहरण के लिए उकसाने के लिए आरोपित किया गया था। बाइडेन ने गुरुवार को एक बयान में कहा, अमेरिकी शोक मनाते हैं, न्याय विभाग अपनी जांच करता है और राज्य के अधिकारी अपना काम जारी रखते हैं। मैं टायर के परिवार से शांतिपूर्ण विरोध का आह्वान करता हूं। आक्रोश समझ में आता है, लेकिन हिंसा कभी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कानून प्रवर्तन और संबंधित समुदायों के बीच विश्वास बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि इसके लिए रक्षा एवं सेवा से जुड़े अधिकारियों को शपथ दिलाई जाती है। उन्होंने कहा कि इसकी आवशयकता तब बढ़ जाती है, जब अधिकारी शपथ का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने कहा, हम इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं कि कानून प्रवर्तन के साथ घातक मुठभेड़ों ने अश्वेत और श्वेत लोगों को अलग-अलग प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कांग्रेस द्वारा जॉर्ज फ्लॉयड जस्टिस इन पुलिसिंग एक्ट पारित करने में विफल रहने के बाद जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। उल्लेखनीय है कि मेम्फिस, टेनेसी में ट्रैफिक स्टॉप के दौरान पांच अधिकारियों द्वारा पीटे जाने के तीन दिन बाद 10 जनवरी को निकोल्स की मृत्यु हो गई थी।

## आज का इतिहास

- 1813 : यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) में पहली बार 'प्राइड एंड प्रेजुडिस' किताब का प्रकाशन हुआ।
- 1835 : पश्चिम बंगाल में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हुई।
- 1860 : ब्रिटेन ने औपचारिक रूप से निकारागुआ को मास्किटो तट लौटा दिया।
- 1865 : स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय का जन्म।
- 1878 : 'येल डेली न्यूज'अमेरिका में प्रकाशित होने वाला पहला दैनिक समाचारपत्र बना।
- 1878 : अमेरिका के न्यू हेवन में पहला टेलीफोन एक्सचेंज बना।
- 1909 : क्यूबा पर से अमेरिका का नियंत्रण समाप्त हो गया।
- 1909 : सेना के 'प्रथम भारतीय सेनाध्यक्ष'के.एस.करियप्पा का जन्म।
- 1926 : हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार,सफल सम्पादक,संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान और जाने-माने भाषाविद विद्यानिवास मिश्र का जन्म।
- 1928 : देश के प्रमुख फिजिस्ट राजा रामन्ना का जन्म हुआ था।
- 1930 : भारतीय शास्त्रीय संगीत के विश्वविख्यात गायक पंडित जसराज का जन्म।
- 1932 : जापानी सेना ने शंघाई (चीन) पर कब्जा किया।
- 1933 : चौधरी रहमत अली खाँ ने मुस्लिम लीग की मांग के तहत बनने वाले अलग राष्ट्र के लिए पाकिस्तान का नाम सुझाया।
- 1935 : आइसलैंड गर्भपात को कानूनी स्वीकृति देने वाला पहला देश बना।
- 1939 : आयरिश कवि विलियम बटलर योटस का निधन।
- 1942 : जर्मनी की सेना ने लीबिया के बेंगाजी पर कब्जा किया।
- 1943 : एडोल्फ हिटलर ने जर्मनी के सभी युवकों को फौज में जबरन भर्ती का आदेश दिया।
- 1945 : अमेरिकी ट्रकों का काफिला बर्मा रोड से पहली बार गुजरा।
- 1950 : न्यायाधीश हीरालाल कानिया ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद संभाला।

